26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY

# शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 26 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 170 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान बनाया: मुर्मू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोलीं: भारत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है।

राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं, आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है। साल 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। हमारे देश की दशा बदली। भारत स्वाधीन हुआ। हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निर्माता बने। उन्होंने कहा कि 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेलकूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है।

### जश्न-ए-जम्हूरियत



गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

### ऐ वतन, ऐ वतन.. के रचयिता ताहिर फराज का निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब के मशहूर और प्रतिष्ठित शायर ताहिर फराज (72) का शनिवार देर रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रामपुर के रहने वाले ताहिर फराज का जन्म 29 जून 1953 को बदायूं में हुआ था।

## 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा। शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्हें भी दिया गया पद्मश्री-गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के एकलौते गायक, गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं।



**धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को दिया जाएगा पद्मश्री सम्मान**

**शिबू सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण पुरस्कार सम्मान**







## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के किसानों को बड़ी राहत: केंद्र खरीदेगा 3.37 लाख टन अरहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के किसानों के हित में रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के किसानों से 3.37 लाख टन तूअर (अरहर) दाल की खरीद को हरी झंडी दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस मद में लगभग 2,696 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद की प्रक्रिया इस तरह से संचालित की जाए कि बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाए और लाभ सीधे वास्तविक किसानों की जेब तक पहुंचे। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए चौहान ने नेफेड और एनसीसीएफ को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर काम करें।

### शंकराचार्य विवाद के जल्द समाधान का है भरोसा: डा. इंदेश

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार ने दावा किया है कि प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के मुद्दे को लेकर चल रहा विवाद का समाधान जल्द निकल आएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार इटावा मुख्यालय पर स्थापित नारायण कॉलेज में आयोजित खिचड़ी भोग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के साधु संत, महात्मा और सरकार इस मामले को सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# अहंकार में धार्मिक धरोहरें मिटा रही भाजपा: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर तीखा हमला बोला

**लखनऊ।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तोड़फोड़ पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह 'भाजपाई अहंकार का भूकंप' है, जो मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहा है और पूज्य वृक्षों की जड़ों तक उखाड़ी जा रही हैं।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों, संत-महात्माओं और सदियों पुरानी विरासत के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दृश्यों को देखकर हर संवेदनशील नागरिक का मन विचलित होना स्वाभाविक है। उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को ऐसे किसी भी कार्य से बचना चाहिए, जिससे धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता प्रभावित हो। अखिलेश यादव ने भाजपा समर्थकों से भी आत्ममंथन करने की अपील करते हुए कहा कि देश और समाज सर्वोपरि हैं और किसी भी राजनीतिक एजेंडे से ऊपर होने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने मांग की कि वाराणसी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर हो रहे कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सौंदर्यीकरण या विकास के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहर या पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और जरूरत पड़ी, तो जनभावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी।

## जनगणना पर अखिलेश का बयान राजनीतिक हताशा का परिचायक: श्रीवास्तव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान बौधिक खोखलेपन के साथ-साथ राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ खुद को अनुभवी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत 22 जनवरी 2026 को जारी राजाज्ञा के बिदु संख्या 12 में स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों का विवरण दर्ज किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनगणना में जाति का कॉलम नहीं होने की बात कहना पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने ही सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मजाक का विषय बनते जा रहे हैं, क्योंकि उनके बयान सरकारी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते।

# अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के बाहर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

प्रयागराज, वार्ता

प्रयागराज माघ मेले में शनिवार देर रात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से कल्पवासी थाना अध्यक्ष को दी इस मामले में तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने इसे स्वयं के लिए खतरा बताते हुए कहा कि शिविर में रह रहे श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को भी हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिविर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व पहुंच गए, वह हाथों में लाठी डंडे और झंडा लेकर के भगवा झंडा लिए हुए थे। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने लगे,बाहर से आए युवकों ने उपद्रव मचाने की कोशिश की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सेवकों और जबरन घुसे लोगों के बीच हाथापाई हुई। उनके सेवकों ने हंगामा कर रहे लोगों को शिविर से बाहर निकाला। आरोप है कि प्रदर्शन करने आए लोगों ने कुछ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दिया है, कि अगर शरारती तत्व शिविर में पुन: प्रवेश करते हैं, तो श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# विभिन्न नदियों के नाम पर होंगे गणतंत्र दिवस परेड में दर्शक दीर्घाओं के नाम

नई दिल्ली, वार्ता

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष अनूठी पहल के तहत परेड देखने आने वाले लोगों के लिए बनी दर्शक दीर्घाओं के नाम देश की विभिन्न नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार नदियां गहन सांस्कृतिक प्रतीक हैं जो सभ्यताओं की जीवनधारा, सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता के भंडार के रूप में कार्य करती हैं।

नागरिकों को इसका एहसास कराने के लिए इस बार देश भर में बहने वाली नदियों ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के नाम पर दर्शक दीर्घाओं का नाम रखा गया है। मंत्रालय का कहना है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर इस गणतंत्र दिवस परेड में जल योधाओं सहित कुल 163 विशेष अतिथि होंगे, जिनमें उत्तराखंड के 28, झारखंड के 10, बिहार के 40 और उत्तर प्रदेश के 85 लोग हैं। इसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त सहयोग से गंगा की पारिस्थितिकी, अखंडता तथा जैव विविधता के संरक्षण और स्वच्छता के लिए काम करने वाले स्थानीय समुदायों से गंगा प्रहरी-नदी के संरक्षक और प्रशिक्षित स्वयंसेवक शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंगा प्रहरियों के अलावा, जलीय जीवों यानी डॉल्फीन, कछुओं आदि के संरक्षण और संरक्षण में शामिल निजी नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों और नदी संरक्षण और सामुदायिक पहुंच को भी गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## गणतंत्र दिवस पर स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

# सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी बने सम्मान के हकदार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कुल 715 पुलिस अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल 715 अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों, कमिश्नरेट, एसटीएफ, पीएसी, यूपी-112, रेडियो मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय और अन्य विशेष इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह तथा प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम) प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह पाने वालों की टॉप सूची में इंस्पेक्टर सदाशिव मौर्य, पवन कुमार सिंह, लोकेंद्र कुमार झा, हरिकेश राय, विनय कुमार सिंह, गुलाब त्रिपाठी और दिलीप कुमार मिश्र के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर स्तर पर क्यूआर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह और सूर्यभान द्विवेदी को भी उत्कृष्ट श्रेणी में चुना गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक घनश्याम, डीसीपी नीरज कुमार पांडेय, डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट निहारिका शर्मा, डीसीपी डा. प्रवीण रंजन सिंह, कमांडेंट संजीव कुमार बाजपेई, एसपी रोहित मिश्रा, एएसपी प्रेम चंद, कमांडेंट सर्वेश कुमार मिश्रा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एएसपी राहुल मिथास और एएसपी राज कुमार प्रमुख हैं।

### शिवांग वर्मा बतौर वॉटर वॉरियर गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित

**लखनऊ।** जिला गंगा समिति, लखनऊ के जिला परियोजना अधिकारी शिवांग वर्मा को नदी संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गणतंत्र दिवस परेड 2026 के अवसर पर नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा द्वारा शिवांग वर्मा का चयन 'वॉटर वॉरियर' के रूप में किया गया है। वर्तमान में जिला गंगा समिति, लखनऊ के साथ जिला परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत शिवांग वर्मा गोमती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। उनके प्रयासों का मुख्य फोकस व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता और नदी-केंद्रित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व पर रहा है। यह कार्य जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ विशाख जी के मार्गदर्शन तथा प्रभागीय वन अधिकारी, लखनऊ सितांशु पांडेय के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। गोमती नदी के अतिरिक्त, शिवांग वर्मा ने कुकरैल नदी से जुड़े जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों का नेतृत्व एवं सहयोग भी किया है।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वृहद आर्थिक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर आर्थिक सर्वेक्षण और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान जैसे बड़े घरेलू तथा वैश्विक कारकों का असर दिखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने से पिछले सप्ताह वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से भी निवेश धारणा कमजोर रही। वित्त वर्ष 2025.26 का आर्थिक सर्वेक्षण 29 जनवरी को संसद में पेश किया जाएगा। औद्योगिक उत्पादन के दिसम्बर के घरेलू आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों में प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 27.28 जनवरी को होने वाली है। बीते सप्ताह पांच में से चार कारोबारी दिवस प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही जबकि गुरुवार को तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,032 अंक (2.43 प्रतिशत) लुढ़क गया और शुक्रवार को 81,537.70 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी- 50 सूचकांक 645.70 अंक यानी 2.51 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 25,048.65 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सूचकांकों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 4.65 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 5.81 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। एनएसई में सप्ताह के दौरान रियलटी सेक्टर का सूचकांक सबसे अधिक 11.33 प्रतिशत लुढ़क गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में 6.55 प्रतिशत की गिरावट रही।

# पहला मेड इन इंडिया पायलट प्रशिक्षण विमान साल के अंत तक भरेगा उड़ान

**नई दिल्ली।** किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए40 इस साल के अंत तक उड़ान भर सकता है। डीए40 विमानों की निर्माण शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है, जो भारत के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज का साझा उपक्रम है।

कंपनी ने मार्च 2025 में देश में इन विमानों की आपूर्ति शुरू की थी, लेकिन इनका भारत में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। कंपनी ने ई-मेल पर भेजे गए सवालों के जवाब में बताया कि वह तमिलनाडु के त्रिपुर में डीए40 विमानों के निर्माण के लिए एसेंबली लाइन बना रही है। उत्पादन के लिए सभी उपकरण वहां पहुंच चुके हैं। इसे इस साल के मध्य तक डीजीसीए से सीएआर 21 प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद अंतिम असेम्बली शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि वह इस साल की अंतिम तिमाही (अक्टूबर- दिसम्बर) के दौरान इन विमानों की डिलिवरी शुरू करेगी। एसएआईपीएल ने परियोजना के पहले चरण में 450 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की योजना बनाई है। भारतीय कंपनियों की जरूरतें पूरी करने के अलावा कंपनी की योजना भारतीय उपमहाद्वीप के दूसरे देशों में भी डीए40 एनजी विमानों के निर्यात की है।

# चावल, दालों में साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों के भाव बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 28 रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,839 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ और 3,299 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति भी 12 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 98 रुपये और पाम ऑयल का 85 रुपये बढ़ गया। मूंगफली तेल 77 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 83 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 42 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान सुरक्षित रहे: प्रिंस सोनी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी ने कहा कि तिरंगे का वास्तविक सम्मान तभी संभव है, जब देश का संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

प्रिंस सोनी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ में आयोजित तिरंगा पदयात्रा को संबोधित कर रहे थे। संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में आम आदमी पार्टी लखनऊ इकाई की ओर से भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने किया। पदयात्रा छोटा इमामबाड़ा से शुरू होकर रूमी गेट, हुसैनाबाद पहुंची, जहां सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इसका शांतिपूर्ण समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए कार्यकर्ता भारत माता की जय और संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ के नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा इलाका राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा रहा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। लप्रस सोनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे वास्तव में जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं।

# विश्व के कोने-कोने तक गूंजी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान

लखनऊ, वार्ता




उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के तीन दिवसीय समारोह (24-26 जनवरी) की शुरुआत के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना ने भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई। उद्घाटन दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव न केवल प्रदेश के कोने-कोने में, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के अनेक देशों में भी आयोजित किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी व्यापक रूप से मनाया गया। मालदीव, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, रूस, मंगोलिया, सिगापुर, श्रीलंका और म्यांमार सहित लगभग 15 देशों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी समुदाय एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फिल्म प्रदर्शन और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, कलात्मक परंपराओं और विकसित होती पहचान को प्रस्तुत किया गया, जिससे विदेशों में बसे भारतीय समुदायों में गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल हुई। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच से भी गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं प्राप्त हुईं। जापान के ओसाका-कोबे, फ्रांस के सेंट डेनिस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, श्रीलंका के जाफना, यूनाइटेड किंगडम तथा यूरोप के लिथुआनिया में स्थित भारतीय मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों द्वारा भेजे गए संदेशों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया। पर्यटन मंत्री ने जानकारी दी कि दूतावास स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और क्यूरेटेड प्रेज़ेंटेशन शामिल रहे। रूस स्थित भारतीय दूतावास में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास एवं टैगोर सेंटर में प्रदेश की समृध परंपराओं, प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवंत कला रूपों को प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को परंपरा और प्रगति के संगम के रूप में प्रदर्शित किया गया। मंगोलिया, सिगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, सेंट डेनिस, कांगो डीआर और जाफना से भी इसी प्रकार के आयोजनों की जानकारी आधिकारिक मिशन संचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त हुई। व्यापक जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश भी प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के पहले दिन देश के लगभग 20 राज्यों में उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ नेताओं एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया गया। दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, तमिलनाडु और गोवा सहित कई राज्यों में आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में उपराज्यपाल कार्यालय, मुंबई, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब समेत अनेक स्थानों पर स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के प्रति देशव्यापी सहभागिता और एकजुटता को दर्शाते हैं। प्रदेश भर में पहले ही दिन उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव जनपदों में व्यापक रूप से मनाया गया। 24 जनवरी को सिधार्थनगर, भदोही, हाथरस, एटा, सोनभद्र, चंदौली, कन्नौज, औरैया, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, कानपुर, कुशीनगर, बिजनौर, इटावा, चित्रकूट, गाजीपुर, गोंडा सहित लगभग 30 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराएं, सामाजिक पहलें और विकासात्मक उपलब्धियों को केंद्र में रखा गया, जबकि आगामी दो दिनों में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। 24 जनवरी को राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों और राज्य नेतृत्व की गरिमामई उपस्थिति रही। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृधि, विकास यात्रा और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

# उत्तराखंड को वैश्विक फिल्म हब बनाने को सरकार प्रतिबद्ध : धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को "आवाज सुनो पहाड़ों की ख़ फिल्म फेस्टिवल 2026" में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह के सौंदर्यीकरण की घोषणा की कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "श्रद्धा सम्मान" पुस्तिका का विमोचन किया तथा "आवाज सुनो पहाड़ों की ख़ सीजन 2" लॉन्च किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शारदा स्वर संगम फिल्म प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक फिल्म फेस्टिवल नहीं, बल्कि उत्तराखंड को वैश्विक फिल्म निर्माण के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से राज्य की समृद्ध संस्कृति, खान-पान और प्राकृतिक सौंदर्य का व्यापक प्रचार-प्रसार होता है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी लोक-संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने तथा आधुनिक परिवेश को समझने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए शारदा स्वर संगम फिल्म प्रोडक्शन हाउस की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को आधुनिक पहचान देने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक सशक्त साधन भी है। समाज की सच्चाइयों को सिनेमा ने हर दौर में प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया है, चाहे वह छुआछूत, दहेज प्रथा, भ्रष्टाचार, अन्याय, प्रतिभा पलायन या सामा. जिक कुरीतियां रही हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म शूटिंग की अनुमति अब ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध है।



मुख्यमंत्री ने "आवाज सुनो पहाड़ों की" फिल्म फेस्टिवल 2026 में किया प्रतिभाग, हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह के सौंदर्यीकरण की घोषणा, सीएम ने किया श्रद्धा सम्मान पुस्तिका का विमोचन

सिंगल विंडो सिस्टम के तहत 7 दिनों के भीतर शूटिंग की अनुमति दी जाती है और प्रदेश में किसी प्रकार का शूटिंग शुल्क नहीं लिया जाता। क्षेत्रीय फिल्मों को सप्ताह में कम से कम एक बार स्थानीय सिनेमाघरों में दिखाना अनिवार्य किया गया है। शूटिंग के दौरान सुरक्षा के लिए न्यूनतम पांच पुलिसकर्मियों की व्यवस्था तथा जीएमवीएन और केएमवीएन गेस्ट हाउसों में विशेष छूट भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का अपना

## कहा-उत्तराखंड प्रकृति की अनमोल धरोहरों से समृद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ईश्वर द्वारा प्रदत्त प्रकृति की अनमोल धरो. हरों से समृद्ध है। यहां के पर्वत, नदियां, झरने, मौसम और संस्कृति फिल्मकारों को आकर्षित करते हैं। नैनीताल, मसूरी, औली, चकराता, मुन्स्यारी, कौसानी और चोपता जैसे अनेक स्थल देश-विदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से भी बेहतर हैं। साथ ही चारधाम, हरिद्वार, ऋषिकेश, कैंची धाम, हेमकुंड साहिब और रीठा साहिब जैसे दिव्य स्थल भी फिल्म निर्माताओं के लिए विशेष आकर्षण हैं।

## राज्य सरकार ने लागू की है नई फिल्म नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केदारनाथ की धरती से दिए गए "21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा" के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को एक विशिष्ट फिल्म हब के रूप में विकसित करना है, जिससे युवाओं को रोजगार और संस्कृति को वैश्विक पहचान मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहन देने के लिए नई फिल्म नीति लागू की है। इसके अंतर्गत उत्तराखंड में फिल्माई गई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को 3 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वहीं कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी फिल्मों के लिए सब्सिडी बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये की गई है। वेब सीरीज और विदेशी फिल्मों को भी सब्सिडी के दायरे में शामिल किया गया है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म "वीडियोज अलार्म" है, जिसके माध्यम से गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी संस्कृति की खुशबू 18 से अधिक देशों तक पहुंच रही है। सरकार 3 टीख़ टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के ईकोसिस्टम पर भी कार्य कर रही है ताकि युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल राज्य की संस्कृति को समृद्ध करते हैं, बल्कि पहाड़ी पहचान और सामूहिक गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ', ,दायित्वधारी मधु भट्ट प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, सचिव संस्कृति युगल किशोर पंत, कार्यक्रम के आयोजक नरेन्द्र रौथाण, संस्कृति विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कोहरे में ढाल बनेंगे रिफ्लेक्टिव टेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाए जा रहे 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत टिहरी पुलिस ने मुनिकीरेती क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के दिशा-निर्देशन और पर्यवेक्षण में शनिवार को यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 और 07 पर सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान संचालित किया। इस दौरान पुलिस टीम ने सुरक्षा की दृष्टि से कमर्शियल और निजी वाहनों सहित कुल 300 गाड़ियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर उन्हें सुरक्षित सफर के लिए तैयार किया।

सर्दियों के मौसम में पहाड़ी रास्तों पर अक्सर कोहरा और धुंध छाने के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी चुनौती से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने यह पहल की है। अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को रिफ्लेक्टिव टेप की उपयोगिता समझाई और बताया कि यह टेप कम रोशनी या कोहरे में दूर से ही वाहन की मौजूदगी का संकेत देकर बड़ी दुर्घटनाओं को टालने में सहायक सिद्ध होता है। पुलिस ने चालकों से पहाड़ी मार्गों पर नियंत्रित गति से वाहन चलाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर होने वाले चालान और न्यायालय से उनके निस्तारण की प्रक्रिया क्या है।

सभी प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



टीटू प्रवीन त्यागी
प्रदेश सचिव, उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी
19 रायपुर विधानसभा, देहरादून, मो0 9219165772

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर मदननेगी में 8 फरवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

संघ के 100 साल पूरे होने पर प्रतापनगर में गूंजेगा एकता का मंत्र, आराध्य देवता की पूजा कर स्वयंसेवकों ने मांगा सफलता का आशीर्वाद

हिंदू समाज को जागृत करने और "पंच परिवर्तन" का संदेश देने जुटेंगे हजारों लोग, पूर्व विधायक विजय पंवार और संघ पदाधिकारियों ने सौंपी जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 स्वर्णिम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में शताब्दी समारोह मना रहा है। इसी ऐतिहासिक कड़ी में प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के मदननेगी में आगामी 8 फरवरी को एक भव्य "विराट हिंदू सम्मेलन" का आयोजन किया जा रहा है।

रविवार को इस महाआयोजन की सफलता के लिए कार्यक्रम स्थल पर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। आयोजन समिति और संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने क्षेत्र के आराध्य देव मदननेगी और क्षेत्रपाल देवता की पूजा-अर्चना कर सम्मेलन के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की।

इसके साथ ही कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए स्वयंसेवकों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। रविवार को मदननेगी देवता हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में आरएसएस के विभाग प्रचारक अजय, जिला प्रचारक दीपक, प्रतापनगर के पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार, जाखणीधार के ब्लॉक प्रमुख राजेश नौटियाल, पूर्व राज्यमंत्री प्रेम दत्त जुयाल और सहकार भारती की प्रदेश मंत्री अवंतिका भंडारी ने मुख्य रूप से भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन के पश्चात मदननेगी स्थल पर धर्म ध्वजा फहराई गई।

वक्ताओं ने कहा कि संघ का यह शताब्दी वर्ष हिंदू समाज के लिए गौरव का क्षण है। 8 फरवरी को होने वाले इस विराट सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में नवचेतना और जागृति का संचार करना है। साथ ही, समाज को संघ के "पंच परिवर्तन" (सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य) के संकल्पों से अवगत कराना है।

बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक यज्ञ है।

उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर संपर्क करें और अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री बलवंत रावत, कनिष्ठ प्रमुख कीर्ति पंवार, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री परमवीर पंवार, रमेश रतूड़ी, गुरु प्रसाद भट्ट, वीरेंद्र राणा, अरविंद खरोला, दयाल सिंह नेगी, विजय शाह, शिव सिंह बिष्ट, त्रिलोक रावत, राजेंद्र रावत, प्रदीप नेगी, राजेंद्र नेगी, विक्रम भंडारी, बुद्धिराम न्यूली और उत्तम सिंह भंडारी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सत्यमेव जयते
विकास के नये अध्याय
की ओर अग्रसर
देवभूमि उत्तराखण्ड
संकल्प से शिखर तक



आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
26 जनवरी

ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

संदेश

प्रिय प्रदेशवासियों,

गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

इस गौरवशाली अवसर पर मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी तथा संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ। साथ ही, राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं सशस्त्र बलों एवं समस्त सुरक्षा एजेंसियों के वीर जवानों को भी नमन करता हूँ, जो दिन-रात देश की सुरक्षा में तत्पर हैं।

यह वर्ष हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। एक ओर हम अपने महान लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तराखण्ड अपनी रजत जयंती के ऐतिहासिक पड़ाव से आगे बढ़ते हुए भविष्य के लिए नए संकल्प ले रहा है। साथ ही, इस वर्ष 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होना हमारी राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप संस्कृति, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का भरोसेमंद भागीदार बनाया है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में देश आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत की इस विकास यात्रा में देवभूमि उत्तराखण्ड भी पूरे सामर्थ्य से सहभागी बन रहा है। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल सेवाओं, पर्यटन और निवेश के क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। चारधाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, शीतकालीन तीर्थाटन, बारहमासी पर्यटन और उत्तराखण्ड को वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' जैसे प्रयासों से राज्य के जैविक उत्पादों और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान मिल रही है।

उत्तराखण्ड की मातृशक्ति और हमारी बेटियाँ प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। शिक्षा, सेना, खेल, उद्यमिता और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वे राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का नेतृत्व कर रही हैं। 'लखपति दीदी' जैसी पहल महिला सशक्तीकरण को नई दिशा दे रही है। मुझे विश्वास है कि उत्तराखण्ड की नारी शक्ति आने वाले समय में प्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। हमारे युवा उत्तराखण्ड का भविष्य हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल कौशल, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को अपनाकर वे राज्य को विकास के नए आयाम दे सकते हैं। तकनीक को साधन बनाकर प्रशासनिक पारदर्शिता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाए जा रहे हैं। एआई और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली हमें बेहतर योजना बनाने में सहायता कर रही है। क्वांटम जैसी उन्नत तकनीकों पर आज चर्चा करना, कल की तैयारी है। नशामुक्त उत्तराखण्ड का संकल्प हमारी युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, जिसे हम सभी को मिलकर साकार करना होगा।

हम एक ऐसे कालखंड में खड़े हैं, जहाँ भारत केवल अतीत की उपलब्धियों पर गर्व नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी भी अपने कंधों पर ले रहा है। हमने वर्ष 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक विकसित भारत का स्वप्न देखा है। यह हमारे लिए केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है। विकसित भारत @2047 का सपना तभी साकार होगा, जब विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समावेशी, संतुलित और सतत विकास होगा। उत्तराखण्ड इस राष्ट्रीय यात्रा में एक विशेष भूमिका निभा रहा है।

आज के इस अवसर पर आइए, हम सभी संविधान में निहित अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, एकजुटता, समर्पण और राष्ट्रप्रेम के साथ विकसित उत्तराखण्ड और विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लें।

एक बार पुनः आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिन्द!
जय उत्तराखण्ड!

ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# टिहरी में लोकतंत्र के उत्सव की धूम

## डीएम नितिका खंडेलवाल ने दिलाई निष्पक्ष मतदान की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" की ओजस्वी थीम के साथ जनपद टिहरी गढ़वाल में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह, अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्भीक और निष्पक्ष होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय अथवा भाषा से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने

■ "वोट जैसा कुछ नहीं" की थीम पर मना 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक वोट के महत्व को रेखांकित किया।

समारोह के दौरान लोकतंत्र की नई पीढ़ी और अनुभवी बुजुर्गों का अनूठा संगम देखने को मिला। जिलाधिकारी ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नव पंजीकृत युवा मतदाताओं माधुरी और दिव्यम नेगी को हाथों-हाथ वोटर आईडी कार्ड सौंपकर उनका स्वागत किया। वहीं, 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की वरिष्ठ मतदाता ऐला देवी, जिला




मतदाता आइकॉन वीरेंद्र राजपूत और दिव्यांग मतदाता आइकॉन रोशन लाल को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन करने वाले 10 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित निबंध, स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी इस मंच से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जिला मतदाता आइकॉन वीरेंद्र राजपूत और दिव्यांग आइकॉन रोशन लाल ने मतदान जागरूकता पर आधारित स्वरचित गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया, जिसकी दर्शकों ने जमकर सराहना की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता के हाथों में निहित है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की नींव मजबूत करते हैं। उन्होंने आज सम्मानित होने वाले बीएलओ से आह्वान किया कि वे अन्य साथियों को भी प्रेरित करें ताकि आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) वरुणा अग्रवाल ने सभी को मतदाता दिवस की बधाई देते हुए बीएलओ के कार्यों और दायित्वों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी ने जनपद के आंकड़ों को साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में टिहरी जनपद में कुल 5 लाख 21 हजार 28 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें इस बार 10 हजार 938 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है, जो एक शुभ संकेत है। इस अवसर पर एसडीएम टिहरी स्नेहिल कुंवर, डीडीओ मो. असलम, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि और जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### राइंका मंजाकोट ने हैकाथन प्रतियोगिता में मारी बाजी

**श्रीनगर।** एससीईआरटी देहरादून में आयोजित हैकाथन प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज मंजाकोट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में राज्य के लगभग दो हजार आठ सौ प्रतिभगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 20 छात्रों एवं दस शिक्षक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया व अपनी-अपनी परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। हैकाथन प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज मंजाकोट की कक्षा बाहरवीं की छात्रा आंचल ने राज्य मे द्वितीय व कक्षा दसवीं की सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं शिक्षक श्रेणी प्रतियोगिता में राइंका मंजाकोट के डॉ. अशोक कुमार बडोनी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. बडोनी की परियोजना बायो-प्लास्टिक निर्माण पर आधारित थी।

### उपग्रेड लर्निंग सेंटर का उद्घाटन

**देहरादून।** उपग्रेड लर्निंग सेंटर का उद्घाटन विकास लोक, सहस्त्रधारा रोड पर हुआ। यह केंद्र स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में देहरादून के युवाओं को एआई, डेटा साइंस और डिजिटल मार्केटिंग जैसे आधुनिक कोर्सेस प्रदान करेगा।मुख्य अतिथि के रूप में डीआईटी यूनिवर्सिटी के डीन



(ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) प्रवीण सैवाल एवं सुषमा बचेती उपस्थित रहीं। अन्य प्रमुख अतिथियों में अभिषेक सरकार (डीआईटी यूनिवर्सिटी मैनेजर), मयंक आर्य, अनुपम त्रिवेदी, रवि शरण, सुभाष भट्ट, बद्रीश चब्बड़ा, डॉ. एच.एम. त्रिपाठी, एडवोकेट रिजवान तथा निदेशक नरेंद्र सिंह शामिल थे।" नरेंद्र सिंह ने बताया कि "हम 2026 तक 5000 युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे।"

### कीर्तिनगर में स्वयंसेवियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

श्रीनगर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिनगर कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कीर्तिनगर क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील की गई। साथ ही विद्यालय के सेवित क्षेत्र के 18 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अपना नाम निर्वाचन सूची में लिखवाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कमलेश चंद्र जोशी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व और उद्देश्यों के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। मौके पर स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। इस मौके पर अमित पुरोहित सहित आदि मौजूद थे।

## छात्रों ने सीखी कम्प्यूटर की सी और पायथन प्रोग्रामिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट पौड़ी ने सी और पायथन प्रोग्रामिंग विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पांच विद्यालयों जीआईसी बिडोली, कमलपुर, सकिनखेत, कपरोली एवं जीजीआईसी पौड़ी के 25 छात्र-छात्राओं तथा 5 मेंटर शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर एवं प्रोग्रामिंग की मूलभूत समझ के साथ-साथ व्यावहारिक प्रयोगों के माध्यम से कोडिंग कौशल विकसित कराना रहा। गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास

■ छात्रों ने आईटी विभाग कि प्रयोगशाला में किया अभ्यास

परिसर के आईटी विभाग में हुए प्रशिक्षण में कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, इंटरनेट तथा प्रोग्रामिंग के फंडामेंटल्स की जानकारी दी गई। संस्थान ने आगे भी इसी तरह के कौशल-आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में प्रयास जारी रखने की बात कही। मौके पर सह-समन्वयक डॉ. शिव कुमार भारद्वाज, डॉ. वरुण बर्थवाल, डॉ. विनय टम्टा, संतोष नेगी, कान्ति, अंजना, अमिता आदि मौजूद थे।

## शंकराचार्य के अपमान पर भड़के विधायक विक्रम नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद महाराज को मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर प्रयागराज (इलाहाबाद) में शाही स्नान से रोकने और प्रशासन द्वारा उनसे शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगने की घटना ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में और शंकराचार्य के समर्थन में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी खुलकर सामने आ गए हैं।

उन्होंने ग्राम खांड गांव स्थित प्रसिद्ध मां राज राजेश्वरी मंदिर प्रांगण में दो घंटे का मौन व्रत रखकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसे हिंदू धर्म व संतों का घोर अपमान करार दिया। विधायक



विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश की आस्था के केंद्र और चारधाम बद्रीनाथ के शंकराचार्य से उनके पद का प्रमाण मांगना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार हिंदुत्व की बात करती है, और दूसरी तरफ सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरुओं को अपमानित किया जा रहा है। प्रयागराज में प्रशासन द्वारा शंकराचार्य को स्नान करने से रोकना और उनसे प्रमाण पत्र मांगना न केवल उनकी गरिमा के खिलाफ है, बल्कि यह करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं पर भी सीधा प्रहार है। विधायक ने स्पष्ट किया कि वे और उनकी पार्टी इस कृत्य का पुरजोर विरोध करते हैं और पूरी निष्ठा के साथ शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में खड़े हैं।

मौन व्रत के उपरांत विधायक नेगी ने कहा कि सत्ता के मद में चूर होकर संतों का अपमान करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और संत समाज से माफी मांगी जानी चाहिए। इस दौरान मंदिर परिसर में विधायक के साथ सिद्धिराम कुकरेती, करन सिंह नेगी, मंदिर के पुजारी शिव पूजनदास, महावीर काला, प्रशांत काला और शंभू प्रसाद काला ने भी मौन व्रत रखकर अपना विरोध जताया और शंकराचार्य के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

## कच्ची नाली बनाकर रुके पानी की निकासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** नगर क्षेत्र थराली के अंतर्गत थराली-देवाल-वांण राजमार्ग के किमी एक में शीतकाल की पहली बारिश में भैरव मार्केट में सड़क पर जलभराव की शिकायत पर तत्काल लोनिवि थराली ने कार्यवाही करते हुए सड़क के हिल साइड का मलवा हटाने के साथ ही भैरव मंदिर से लेकर नगर पंचायत थराली के द्वारा निर्मित सुलभ शौचालय के आगे से छामेला गद्देरे तक कच्ची नाली का निर्माण कर जलभराव को दूर कर दिया है।जिस पर स्थानीय व्यापारियों एवं राहगीरों ने राहत की सांस ली हैं।

■ स्थानीय व्यापारियों एवं राहगीरों ने ली राहत की सांस

दरसअल पिछले वर्ष अगस्त माह में थराली में आई आपदा के कारण थराली के अन्य क्षेत्रों के साथ ही थराली -देवाल राजमार्ग पर भैरव मंदिर क्षेत्र में भी भारी तादाद में भूस्खलन हुआ था। लोनि. वि थराली ने तब हालांकि सड़क को यातायात के लिए खोल दिया था किंतु काफी मलवा सड़क पर ही पड़ा रह गया था, शुक्रवार की दोपहर से शुरू हुई शीतकाल की पहली बारिश में ही भैरव मार्केट में बढ़े स्तर पर सड़क में जलभराव हो गया था।

जिस कारण स्थानीय दुक.ानदारों एवं राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।जिस पर शनिवार को नगर पंचायत थराली की अध्यक्ष सुनीता रावत सहित स्थानीय व्यापारियों ने लोनिवि थराली से जलभराव की स्थिति से निपटने की मांग की। लो. निवि थराली के सहायक अभियंता एसपीएस नेगी ने बताया कि राजमार्ग पर जलभराव की स्थिति की जानकारी मिलते ही विभाग ने अवर अभियंता अमित पुरोहित के नेतृत्व में जेसीबी मशीन एवं मजदूरों को भैरव मार्केट में भेज कर मलवा हटाने के साथ ही सड़क के हिल साइड में भैरव मंदिर से नगर पंचायत थराली के द्वारा निर्मित सुलभ शौचालय के आगे से छामेला गद्देरे तक कच्ची नाली का निर्माण कर मार्केट में भरें पानी को हटवाने में शनिवार की देर रात तक सफलता हासिल कर ली है। सहायक अभियंता एसपीएस नेगी ने बताया नगर पंचायत के द्वारा सड़क के किनारे सुलभ शौचालय निर्माण के कारण पानी निकासी में समस्या आई थी शौचालय के आगे नाली बना दी गई हैं।

## विधायक के दबाब में आकर काम कर रही पुलिस: विजय रावत

**कोटद्वार।** यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में विभिन्न मुद्दों को लेकर कर्णवाश्रम में शान्तिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसके अगले दिन स्थानीय विधायक ऋतु खंडूरी के दबाब में आकर कोटद्वार पुलिस द्वारा यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया जिसमें कार्यकर्ताओ द्वारा प्रशासन का सहयोग करते हुए वार्ता की गई परन्तु इसके बाद रात को पुलिस के द्वारा यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनके परिवारजनों पर दबाब बनाने का कृत्य किया गया जोकि पुलिस प्रशासन का सत्ता के प्रति भक्तिभाव प्रदर्शित करता है। इसी प्रकरण में रविवार को कांग्रेसजनों एवं यूथ कांग्रेस द्वारा कोतवाली का घेराव किया गया।

## रौणद रमोली में मनरेगा बचाओ संग्राम की गूंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मनरेगा के स्वरूप में बदलाव और इसे रोजगार की कानूनी गारंटी के बजाय महज एक योजना तक सीमित करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ प्रता. पनगर के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। "मनरेगा बचाओ संग्राम" अभियान के तहत विकासखंड प्रता. पनगर की पट्टी रौणद रमोली के गैरी गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि यदि मनरेगा के मूल कानून के साथ की गई छेड़छाड़ को वापस नहीं लिया गया, तो देश की जनता सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य

■ कांग्रेस ने कहा- रोजगार की गारंटी छीन रही सरकार

होगी। गोष्ठी के मुख्य वक्ता और कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सब्बल सिंह राणा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर "विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार" कर दिया है। यह कृत्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूतियों का अपमान है, जिसे कांग्रेस पार्टी कतई स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने चिंता जताई कि नए प्रावधानों के तहत अब यह रोजगार की "गारंटी" नहीं रही, बल्कि सरकार की मर्जी पर चलने वाली एक साधारण "योजना" बनकर रह गई है। भले ही सरकार 125 दिन के रोजगार की बात कर रही हो, लेकिन इसमें कानूनी बाध्यता न होने के कारण कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों के सामने बेरा. ेजगारी का संकट खड़ा होना तय है। राणा ने केंद्र सरकार पर उत्तराखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ही देश में मजदूरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। हरियाणा में मनरेगा मजदूरों के लिए 400 रुपये की दिहाड़ी निर्धारित है, जबकि उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में काम करने वाले मजदूरों को मात्र 252 रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अलावा, योजना में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी का अनुपात 60:40 करने से राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा, जिससे रोजगार सृजन प्रभावित होगा। उन्होंने पहाड़ों में इंटरनेट कनेक्टिविटी के अभाव का हवाला देते हुए बायोमेट्रिक और तकनीकी हाजिरी की अनिवार्यता को पूरी तरह अव्यावहारिक बताया।

इस अवसर पर कैलाश पंवार, शूरवीर भंडारी, युद्धवीर सिंह कलूडा, मोहन सिंह नेगी, त्रिलोक चंद रमोला, आनंद सिंह नेगी, विजय राणा, सूरत चंद रमोला, जय सिंह, धूम सिंह नेगी, जगदीश लाल, सुनील चंद, कोमल नेगी, चिरंजीव लाल, मोहन लाल, शेर सिंह कठैत, पदम सिंह नेगी, भरत सिंह, भाग सिंह नेगी, सुंदर सिंह, चतर सिंह, बलवंत सिंह, अमित सिंह, शूरवीर सिंह, नरेश सिंह नेगी, राम सिंह नेगी, पदम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हैप्रेक संस्थान के निदेशक डा. पुरोहित को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के हैप्रेक संस्थान के निदेशक डा. विजय कांत पुरोहित को नयार घाटी पर्यावरण संरक्षण सम्मान समलौंण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता तथा औषधीय व सुगंधित पौधों की खेती के माध्यम से स्थानीय किसानों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने जैसे उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान पिछले 25 वर्षों से



पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संस्था समलौंण, पैठाणी द्वारा राठ महोत्सव के अवसर पर डा पुरोहित को दिया गया।

बता दें कि गढ़वाल विश्वविद्यालय के हेप्रेक विभाग में तैनात डा. पुरोहित का जन्म वर्ष 1974 में जनपद चमोली की थराली तहसील के ग्राम किमनी में हुआ। उन्होंने वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवं वानिकी में शिक्षा प्राप्त कर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय से पादप शरीर क्रिया विज्ञान में पीएचडी की उपाधि हासिल की।

वर्तमान में वे संरक्षण जीव विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर हैं तथा उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र के निद. ेशक का दायित्व भी निभा रहे हैं। 22 वर्षों के शैक्षणिक, शोध और विकास अनुभव के दौरान डॉ. पुरो. हत ने हिमालयी जैव विविधता के संरक्षण, औषधीय पौधों के संवर्धन और किसानों की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी जानिए, देखिए और अपनाइए रणनीति से उत्तराखंड सहित हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के 4000 से अधिक किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें इससे पूर्व ग्री गंगा गौरव सम्मान 2023 और गौरा देवी पर्यावरण सम्मान 2025 सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। यह सम्मान उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल एवं मैती आंदोलन के प्रेरणास्रोत पद्म सम्मानित कल्याण सिंह रावत द्वारा प्रदान किया गया।

## शंकराचार्य के प्रति अभद्रता के विरोध में शांतिपूर्ण समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आदिगुरु शंकराचार्य के प्रति की गई अभद्रता एवं उनके साथ हुए अमर्यादित व्यवहार के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार द्वारा दुगड्डा नगर में शांतिपूर्ण तरीके से समर्थन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुगड्डा नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में एकत्र होकर आदिगुरु शंकराचार्य के समर्थन में शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया। इस

■ कांग्रेस कमेटी ने आयोजित किया कार्यक्रम

अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि शंकराचार्य भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना के महान प्रतीक हैं। उनके प्रति किसी भी प्रकार की अभद्रता देश की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का घोर अपमान है। जिला कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है।

NAME CHANGE

The general public is informed that I have changed my name from Sayed Ahmad to Sayed Ahamad. In future I shall be known as Sayed Ahamad, R/o 338/1, Lakkhi Bagh, Dehradun 248001

सूचना

श्रीमती कविता सफाईकार, श्री गुरू राम राय महाविद्यालय, देहरादून, आप माह सितम्बर 2025 से लगातार महाविद्यालय से अनुपस्थित हैं। डाक, फोन एवं ईमेल से भी आपसे सम्पर्क नहीं हो रहा है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप इस नोटिस प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपने स्पष्टीकरणों सहित महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हुयीं तो महाविद्यालय से आपकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।

प्रदीप सिंह, प्राचार्य,
श्री गुरू राम राय (पी०जी०)
कॉलेज, देहरादून।

## व्हाइट कोट सिर्फ परिधान नहीं, जिम्मेदारी और संवेदना का प्रतीक: डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में एमबीबीएस 2025 बेच के नवप्रवेशी छात्रों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी एवं महर्षि चरक शपथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि व्हाइट कोट केवल एक वेशभूषा नहीं, बल्कि यह डॉक्टर की जिम्मेदारी, ईमानदारी, अनुशासन और मरीज के प्रति संवेदना का प्रतीक है। कहा कि एक डॉक्टर का व्यवहार ही उसकी सबसे बड़ी पहचान होता है। मरीज को भरोसा और सम्मान देना ही सच्ची



■ नवप्रवेशी छात्रों के लिए महर्षि चरक शपथ समारोह का भव्य आयोजन

चिकित्सा है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए करें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने छात्रों से कहा कि हॉस्टल या मैस से जुड़ी

### कहा, परिसर में अनुशासनहीनता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं

**श्रीनगर।** स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने एमबीबीएस छात्रों से पढ़ाई के दौरान पूर्ण अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलेज परिसर में अनुशासनहीनता को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समस्त फैकल्टी से भी अपेक्षा की कि वे छात्रों की गतिविधियों पर नजर रखें, कौन छात्र कक्षा में अनुपस्थित है, कौन मानसिक या शैक्षणिक तनाव में है। इस पर विशेष फोकस किया जाए। अनुशासन के साथ-साथ छात्रों की हर समस्या का समाधान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

किसी भी समस्या को तुरंत प्राचार्य या वार्डन के संज्ञान में लाएँ। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज प्रशासन को प्रत्येक हॉस्टल में सुझाव पेटी लगाने के निर्देश दिए, जिसमें छात्र बिना नाम लिखे अपनी शिकायत या सुझाव दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि सुझाव पेटी हर माह खोली जाएगी और प्राप्त शिकायतों पर प्राचार्य द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। डॉ. रावत ने कहा कि कॉलेज में छात्रों के लिए लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल और अन्य शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक एमबीबीएस छात्र को पांच परिवार गोद लेकर उनकी स्वास्थ्य देखभाल करने के निर्देश दिए गए, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ साम. ुदायिक स्वास्थ्य सेवा की भावना विकसित हो सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में 68 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। साथ ही पीजी सीटों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे आने वाले एक-दो वर्षों में प्रदेश के अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि व्हाइट कोट सेरेमनी और चरक शपथ छात्रों को उनके पेशे की नैतिक जिम्मेदारियों का बोध कराती है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, निरंतर अध्ययन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जी की पहल से आज एमबीबीएस छात्रों के साथ अस्पतालों में तमाम सुविधाएं और नये कार्य हो रहे हैं। जिसका लाभ छात्रों एवं जनता को मिल रहे हैं।

मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, उपाध्यक्ष गिरीश पैन्यूली, गणेश भट्ट, मेडिकल कॉलेज के वित्त नियंत्रक प्रशांत शर्मा सहित आदि मौजूद थे।

### बेस अस्पताल श्रीनगर में शिशु देखभाल केंद्र का शुभारंभ

**श्रीनगर।** बेस अस्पताल श्रीनगर में रविवार को क्रेच (शिशु देखभाल केंद्र) का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा और कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी को और सशक्त बनाएगा।

कहा कि कामकाजी माता-पिता,विशेषकर महिला कर्मचारियों को अपने छोटे बच्चों की देखभाल को लेकर अक्सर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, नरेन्द्र सती पुत्र इन्द्रदत सती, निवासी: E-48, स्ट्रीट नंबर-3, शास्त्रीनगर, देहरादून, पंजीकृत विक्रय पत्र (Registered Sale Deed): दिनांक 22/02/2006, जो कार्यालय उपनिबंधक सदर-1, देहरादून की बही संख्या 1, जिल्द 1337, पृष्ठ 1390, ए. डी. फा. बुक 1, जिल्द 1606 के पृष्ठ 644 से 655 पर क्रमांक 1548 पर पंजीकृत है। (क्रेतागण नरेन्द्र सती एवं श्रीमती बीना भट्ट)। पक्षकारों का विवरण: प्रथम पक्ष: नरेन्द्र सती,UID-250998006886 पता उपरोक्त,द्वितीय पक्ष बीना भट्ट (UID: 442366512107), निवासी: सी-8, ज्योति विहार, अजबपुर डांडा, देहरादून मेरे मूल दस्तावेज कहीं खो गए हैं, जो काफी खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं हुए हैं। मैं यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता हूँ कि ये दस्तावेज किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी बैंक, वित्तीय संस्थान या न्यायालय में बंधक (Mortgage) नहीं हैं और न ही इन पर कोई कानूनी विवाद लंबित है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त होते हैं, तो कृपया उन्हें उपरोक्त शास्त्रीनगर के पते पर लौटाने या सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई अन्य व्यक्ति इन दस्तावेजों का अनुचित या अवैध प्रयोग करता है, तो वह पूर्णतः शून्य एवं अमान्य माना जाएगा।

# लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता की निर्णायक भूमिका:तिवारी

■ 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एमडीडीए में शपथ कार्यक्रम आयोजित, डल प्दकपं, डल टवजम" थीम के अंतर्गत मनाया जा रहा है राष्ट्रीय मतदाता दिवस



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। मसूरीख्देहरादून विकास प्राधिकरण (मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण) में आज 25 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने एमडीडीए के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर सचिव मोहन सिंह बर्निया सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के अनुसार "डल प्दकपं, डल टवजम" थीम के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। आयोग के निर्देशानुसार लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की महत्ता को रेखांकित करने तथा सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाने की अपेक्षा के अनुरूप एमडीडीए में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करेंगे तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या भेदभाव से मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता जागरूकता को सुदृढ़ करने हेतु कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का लोगो प्रदर्शित किया गया तथा स्टेशनरी, प्रचार सामग्री एवं एमडीडीए की वेबसाइट पर भी इसका प्रसार किया गया। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम की छायाचित्र सामग्री को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रुछटक2026 हैशटैग के साथ साझा करने की कार्यवाही भी की गई, ताकि व्यापक स्तर पर नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जा सके।एमडीडीए द्वारा यह पहल न केवल कर्मचारियों के बीच लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि सशक्त लोकतंत्र की नींव जागरूक और निर्भीक मतदाता से ही पड़ती है। प्राधिकरण भविष्य में भी मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रत्येक नागरिक का मत देश के भविष्य की दिशा तय करता है। एमडीडीए के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आज शपथ लेकर यह संकल्प लिया है कि वे स्वयं भी जिम्मेदार मतदाता बनेंगे और समाज में मतदान के प्रति सकारात्मक संदेश देंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी लो. कतांत्रिक व्यवस्था की पहचान हैं। बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करना ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें और अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

**बंशीधर तिवारी उपाध्यक्ष, एमडीडीए**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित यह शपथ कार्यक्रम कर्मचारियों में लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों की भावना को सुदृढ़ करता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एमडीडीए ने मतदाता जागरूकता से जुड़े सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। हमारा प्रयास है कि मतदान के महत्व का संदेश कार्यालय के साथ-साथ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और अधिकाधिक लोग निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**मोहन सिंह बर्निया ,सचिव एमडीडीए**

# दो वाहन चोरों को सेलाकुई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** घटना को अंजाम देने वाले 2 वाहन चोरों को सेलाकुई पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपियों के कब्जे से घटना में चोरी की गयी मोटर साइकिल हुई बरामद, जल्दी पैसा कमाने के लालच में दिया था घटना को अंजाम। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

वादी प्रकाश चंद पुत्र श्याम किशोर यादव निवासी सेलाकुई, द्वारा थाना सेलाकुई पर तहरीर दी गयी कि उनकी मोटर साइकिल स्प्लेंडर संख्या न0 यूके0बीवाई 5383 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है, तहरीर के आधार पर थाना सेलाकुई पर बीएनएस बनाम अज्ञात मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के अनावरण तथा आरोपियों की गिरफ्तारी को थाना सेलाकुई पर गठित पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चौक करते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। साथ ही पूर्व में वाहन चोरी में प्रकाश में आये आरोपियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी करते हुए उनका भौतिक सत्यापन किया। पुलिस द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों से मुखबिर की सूचना पर बीते रोज चौकिंग के दौरान धूलकोट तिराहे के पास से 2 आरोपियों मोहम्मद अरमान पुत्र नईम अहमद निवासी निकट शिव मंदिर नगीना, बिजनौर तथा मोहम्मद उमेर पुत्र शाही विलायत हुसैन निवासी बांदा रोड नियर मस्जिद पुरानी तहसील गंग नहर हरिद्वार को उक्त घटना में चोरी की गई मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने बताया कि वे दोनो आस-पास के क्षेत्रों में मजदूरी का कार्य करते हैं। अपनी निजी आवश्यकताओं की पूर्ति तथा जल्दी पैसा कमाने के लालच में उनके द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस टीम में एसआई पी०डी० भट्ट, थानाध्यक्ष सेलाकुई, एसआई सुमेर सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र, सिपाही उपेंद्र भंडारी, सोहन, सिपाही आशीष एसओजी शामिल रहे।

# साल की पहली मन की बात से 2026 का मार्गदर्शन हासिल : भट्ट

■ पीएम के मन की बात को साल भर धरातल पर उतारेंगे : भाजपा, भाजपा परिवार ने जनसभागिता से बूथ स्तर पर सुनी श्मन की बात




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा परिवार ने जनसहभागिता के साथ प्रदेशभर में पीएम के मन की बात से 2026 का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, संस्कृति संवर्धन से विकास और श्री अन्न उत्पादन से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक सभी क्षेत्रों में पहले से तेज गति से आगे बढ़ेगा उत्तराखंड।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि मन की बात के 130वें और साल के पहले एपिसोड को राज्य में बूथ स्तर सुना गया। इसी क्रम में समन्वित एक कार्यक्रम के उपरांत, अपने संदेश में प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने कहा, पीएम मोदी के बताए रास्ते पर उत्तराखंड संस्कृति, विरासत, परम्परा और नवाचार को साथ लेकर चौमुखी विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी राज्य के लिए मार्गदर्शक और संरक्षक की भांति हैं, उनकी कही प्रत्येक बात हमारे लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा पीएम के मन की बात कार्यक्रम राज्यवासियों के लिए नित्यक्रम पाठ्यक्रम की तरह है, जो हमे हमेशा आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। ये केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद है, जो राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक चेतना, जनभागीदारी और सकारात्मक सोच को मजबूती देता है। यह कार्यक्रम हर नागरिक को राष्ट्र की प्रगति में सहभागी बनने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा, इस बार साल का यह पहला एपिसोड है, जो हमे सिखाता है कि आगे पूरे साल हमे कैसे आगे बढ़ना है। विकास के साथ युवाओं में संस्कृति और परंपराओं का जिस संवर्धन का जिक्र पीएम ने किया, उसपर हमे और अधिक तत्परता से काम करना है। मिलेट या श्री अन्न को लेकर प्रधानमंत्री जी के बताए रास्ते पर राज्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जिसकी इस नए वर्ष में हमें प्रदेश की आर्थिकी में बड़ी भागेदारी सुनिश्चित करवानी है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण देवभूमि के लिए वो बेहद आवश्यक हिस्सा है, जिसे हमें जनसहयोग से दैनिक व्यवहार और आदत में शुमार करना होगा।

उन्होंने यह कार्यक्रम हरिद्वार विधानसभा के सप्तऋषि मण्डल में बूथ संख्या 9 पर स्थानीय जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सुना। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री आशुतोष शर्मा, विधायक हरिद्वार श्री मदन कौशिक जी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री विकास तिवारी,मण्डल महामंत्री श्री देवेश ममगाईं, बूथ अध्यक्ष श्री शिव कुमार सहित पूज्य सन्तगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एनएसएस ने निकाली जागरूकता रैली

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट द्वारा स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है और मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।संयम सेवियों ने बाबूगढ़ क्षेत्र विकासनगर चुंगी और ब्लॉक रोड तक जागरूकता रैली निकाली और 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' के नारों के साथ स्थानीय जनता को जागरूक किया। इसके साथ ही ब्लॉक मुख्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य किया तथा। स्वयं सेवियों के द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता भी की गई।

# लखनऊ के उत्तरायणी कौथिक 2026 में शामिल हुए उनियाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पर्वतीय महापरिषद लखनऊ की और से आयोजित 'उत्तरायणी कौथिक-2026' कार्यक्रम में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडी भाइयों-बहनों की और से राज्य की मूल संस्कृति पर आधारित प्रस्तुत किए गए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया।वन मंत्री उनियाल ने कहा कि आज उत्तराखंड के प्रवासी भाई-बहन देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में निवास करते हुए भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी उत्तराखंडियों के हितों, सम्मान और सहभागिता को सदैव प्राथमिकता देती रही है। प्रवासी भाई-बहनों के लिए विभिन्न योजनाएँ एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं तथा उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखा जा रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि आज अनेक प्रवासी उत्तराखंडी अपने पैतृक गाँवों को गोद लेकर, राज्य सरकार के सहयोग से उनके पुनर्जीवन, आधारभूत सुविधाओं के विकास और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनियाल ने पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी, महासचिव महेंद्र सिंह रावत सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

# पाठ्यपुस्तकों में स्थानीय भाषाओं के समावेशन कार्यशाला सम्पन्न

■ डायट बड़कोट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में हुई कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बड़कोट, उत्तरकाशी में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में पाठ्यपुस्तकों में स्थानीय भाषाओं के समावेशन कार्यशाला का आयोजन किया संपन्न है गया।

बता दें डायट बड़कोट में बीते 21 जनवरी से उक्त कार्यशाला शुरू की गई थी रविवार को संपन्न हुआ है।

कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आये शिक्षकों ने जनपद उत्तरकाशी की प्रमुख स्थानीय भाषाओं रंवाल्टी, बांगाणी और जाड को पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने के उद्देश्य से इन स्थानीय भाषाओं में पाठ्यवस्तु का निर्माण किया गया। इस कार्यशाला में पर्यावरण अध्ययन कक्षा 5 की पाठ्यवस्तु को स्थानीय भाषा में अनुवाद किया गया साथ ही पाठ्यवस्तु में स्थानीय ज्ञान परम्परा को शामिल करने के लिये भी विभिन्न विषयवस्तु को भी निर्मित किया गया है। कार्यशाला में

संस्थान के प्राचार्य संजीव जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय भाषा में पाठ्य वस्तु निर्माण का यह कार्य एक नावाचारी प्रयास है जो नई शिक्षा नीति 2020 को धरातल पर उतारने की अनूठी पहल है, इससे नि:सन्देह इन भाषाओं की विशिष्ठ ज्ञान परम्पराओं का संरक्षण भी किया जा सकेगा, उन्होंने इस कार्य को और अधिक विस्तारित करने के लिये भविष्य में कार्यायोजना निर्मित करने हेतु निर्देशित भी किया ,इस कार्यशाला का समन्वयन संस्थान के प्रवक्ता शांति रतूड़ी ने किया।

# विधायक ने नवनिर्मित सड़क का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुजराड़ा करनपुर के दयानगर में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण विधायक सहदेव सिंह पुंडीर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है। सड़क के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक कार्यों के लिए आवा. जाही सुगम होगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान मेघ सिंह, अशोक, संदीप धनई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बर्फबारी का दीदार करने उमड़ी सैलानियों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** रविवार को बर्फबारी का नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों ने पर्यटन नगरी चकराता का रुख किया। पर्यटन सीजन के चलते क्षेत्र में पर्यटकों की भारी आमद देखने को मिली।

कौरवा से ऊपर चकराता की ओर जाने वाले मार्ग पर दिनभर लंबा जाम लगा रहा, जिससे सैलानियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत रहा, लेकिन वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण जाम की स्थिति पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी।

जाम में फँसने के बाद कई पर्यटक अपने वाहन छोड़कर पैदल ही चकराता बाजार की ओर रवाना हो गए। पैदल यात्रा के दौरान सैलानियों ने बर्फबारी और मनोहारी प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया।



कड़ाके की ठंड के बावजूद पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ।

चारों ओर बर्फ से ढके नजारों के बीच पर्यटक तस्वीरें खींचते और मौज-मस्ती करते नजर आए। इधर, चकराता लोक निर्माण विभाग द्वारा बाजार क्षेत्र सहित मुख्य मार्गों पर जमी बर्फ को जेसीबी मशीन की सहायता से हटवाया गया, ताकि अस्पताल और तहसील जाने वाले वाहनों को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस पहल से आपातकालीन सेवाओं को काफी राहत मिली। वहीं, चकराता बाजार में बच्चे जमी हुई बर्फ पर फिसलकर खेलते नजर आए और स्थानीय लोग व पर्यटक बर्फ का भरपूर आनंद लेते दिखाई दिए।

पर्यटकों की भारी संख्या में चकराता पहुँचने से होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटन से जुड़े व्यवसायों में रौनक लौट आई है। होटल व्यवसाय से जुड़े लोग सैलानियों की आमद से खासे खुश नजर आए और अधिकांश होटलों में अच्छी बुकिंग दर्ज की गई। चिलमिरी टॉप, टाइगर फॉल सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी दिनभर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हर स्थान पर सैलानी बर्फ का आनंद लेते और प्राकृतिक नजारों को अपने कैमरों में कैद करते दिखाई दिए। कुल मिलाकर, चकराता में हुई बर्फबारी ने पर्यटन गतिविधियों को नई गति दी है, हालांकि बढ़ती भीड़ के कारण यातायात प्रबंधन प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# मतदान प्रत्येक नागरिक का नैतिक व सवैधानिक कर्तव्य:राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को लोक भवन देहरादून में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंच पर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव निर्वाचन श्री दिलीप जावल. कर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे एवं जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल उपस्थित रहे।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई। राज्यपाल ने निर्वाचन गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चम्पावत और बागेश्वर के




जिलाधिकारियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही ईआरओ रुड़की, खटीमा और चकराता को प्री-एसआईआर के दौरान उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने स्टेट आईकॉन पद्मश्री बसंती बिष्ट, ओल. पिंयन मनीष रावत एवं नुंगशी मलिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देहरादून जनपद के 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं को मतदाता पत्र देकर राज्यपाल ने सम्मानित किया।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति सजग, जागरूक और सक्रिय नागरिक होते हैं। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मताधिकार देकर लो. कतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। राज्यपाल ने सभी से आह्वाहन किया कि प्रत्येक निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएँ।

## इन्हें किया गया स्टेट अवार्ड से सम्मानित

1. प्रतीक जैन, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग
2. प्रशांत आर्य, जिलाधिकारी उत्तरकाशी
3. मनीष कुमार, जिलाधिकारी चम्पावत
4. आकांक्षा कोंडे, जिलाधिकारी बागेश्वर
5. दीपक रामचंद्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़ीकी
6. तुषार सैनी, उप जिलाधिकारी खटीमा
7. प्रेम लाल, उपजिलाधिकारी चकराता

राज्यपाल ने भारत निर्वाचन आयोग की सराहना करते हुए कहा कि आयोग पिछले सात दशकों से निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनावों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए बधाई दी। युवाओं और नए मतदाताओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने युवाओं से मतदान को केवल औपचारिकता न मानकर देश के भविष्य के निर्माण का माध्यम बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने अपने सम्बोधन में मतदान की भूमिका को अहम बताया। सचिव निर्वाचन दिलीप जावलकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि सजग मतदाता से समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम के अंत में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने राज्यपाल का आभार प्रकट करते हुए अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सीडीओ देहरादून अभिनव शाह, सीडीओ चम्पावत जीएस खाती, एडीएम चम्पावत मुक्ता मिश्र उपस्थित रहे।

# बॉर्डर-2 में डोईवाला के 'जस्सी' ने निभाया सिख सैनिक का किरदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ स्टारर व अनुराग सिंह की और से निर्देशित फिल्म 'बॉर्डर 2' में डोईवाला के जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी सिख रेजिमेंट के एक सैनिक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें देश की रक्षा के लिए तत्पर युवा भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान को दर्शाया गया है।

फिल्म 'बॉर्डर 2' गत 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह वर्ष 1997 में आई सुपरहिट फिल्म बॉर्डर की विरासत को आगे बढ़ाती है। 29 वर्षीय जसप्रीत सिंह पेशे से एसी रिपेयरिंग का कार्य करते हैं। फिल्म में वे अभिनेता सनी देओल के साथ स्क्रीन साझा करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

जसप्रीत सिंह ने बताया कि बीते वर्ष



फरवरी माह में देहरादून के संतला देवी क्षेत्र में फिल्म की शूटिंग हुई थी, जिसमें उन्होंने करीब एक माह तक सैनिक के रूप में कार्य किया। उधर, अभिनेता सनी देओल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई कुछ तस्वीरों में जस्सी भी नजर आ रहे हैं। फिल्म रिलीज होने के बाद जस्सी के परिचित और स्थानीय लोग सिनेमाघरों में जाकर उन दृश्यों को देख रहे हैं, जिनमें वे दिखाई दे रहे हैं। परिजनों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय निवासी विनय कंडवाल ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी भारतीय सेना में सेवा दी हमहसूस हुआ।

वही सरदार परमजीत सिंह, मंजीत कौर, दलजीत सिंह, सागर मनवाल, राहुल सैनी सहित अन्य लोगों ने जस्सी को उनके अभिनय के लिए शुभकामनाएं दी हैं। फिल्म में नजर आने के बाद से जस्सी को लगातार परिजनों और मित्रों के फोन कॉल व संदेश मिल रहे हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपनिबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स हरिद्वार उत्तराखंड में हम सभी सदस्यगण ,ग्रोथ वेलफेयर सोसाइटी के नाम से एक सोसाइटी का रजिस्ट्रेशन कराना चाहते है। जिसका कार्यालय पता-ग्राम मक्खनपुर महमूद आलमपुर आलमपुर, पं0 व तहसील भगवानपुर, जनपद-हरिद्वार है। इसका पंजीकरण करने का कष्ट करें।

**अध्यक्ष**
**हसीन पुत्र नूरहसन**
**नकीबमूर घोसीपुर, मुंडलाना, हरिद्वार,उत्तराखंड-247656**

# मन की बात का हर एपिसोड प्रेरणादायी: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने सुना प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का 130वें एपिसोड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दून लाइब्रेरी, निकट परेड ग्राउंड, देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 130वें एपिसोड को सुना।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर एपिसोड प्रेरणादायी होता है। समाज में सामान्य परिस्थितियों में अनवरत सेवा करने वाले लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से देश दुनिया जानती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को आमजन और जन-जन का कार्यक्रम बनाया है। इसके माध्यम से अन्य लोग भी

■ **कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के अंदर हो रहे नवाचार**

प्रेरित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के अंदर कई नवाचार हो रहे हैं। आज इनोवेशन, साइंस, टेक्नोलॉजी एवं ए.आई हर दृष्टि से भारत आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने ए.आई के बढ़ते प्रभाव पर बोलते हुए कहा कि आने वाले समय में सभी कामों में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जो काम कई दिनों में होता है वह महज कुछ ही घंटे में हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के अंदर एआई के उपयोग के लिए साइंस आईटी टेक्नोलॉजी से संबंधित विभाग कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा



प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार ने अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य में पहली पहली बार हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के अंदर हमारे राज्य की तस्वीर ऐसे स्थापित हो गई है कि जहां पर अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। 27 जनवरी को यूसीसी लागू करने के पूरा एक साल हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने 2022 विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की जनता के सामने समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था, जिसे हमने पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि हमारा राज्य एक सीमावर्ती क्षेत्र है। यहाँ चार धाम, गंगा, यमुना का उद्गम स्थान है। सुरक्षा की दृष्टि से भी हमारा राज्य बेहद संवेदनशील है ऐसे में राज्य में रहने वाले सभी लोगों के लिए एक समान कानून लागू होना चाहिए था और हमने ऐसा करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य स्तर पर लिए निर्णयों को जन-जन तक पहुंचने में सभी आगे आए। जिससे कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

इस अवसर पर विधायक खजान दास, विधायक सुरेश गढ़िया, मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविंद बिष्ट, अनिल गोयल, संजय नेगी, दायित्वधारी रजनी रावत एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# खुशी का दिन: गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रपति पदक की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** इस बार का गणतंत्र दिवस उत्तराखंड पुलिस के लिए खास होने वाला है। इस बार गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक से नवाजा जाएगा। जिसकी सूची जारी हो चुकी है।

राष्ट्रपति द्वारा गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर उत्तराखण्ड पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है।

**राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक :** योगेन्द्र सिंह रावत, पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक/मुख्यालय उत्तराखंड को इस बार राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक से नवाजा जाएगा।

**सराहनीय सेवा पदक:** पुलिस सर्विस में प्रबोध कुमार घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक, जनपद रुद्रप्रयाग, शिवराज सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, जनपद चम्पावत, ज्योति चौहान, निरीक्षक नागरिक पुलिस, सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर देहरादून, सुभाष चन्द्र, निरीक्षक अभिसूचना, अभिसूचना मुख्यालय उत्तराखण्ड, साजिद अली, अपर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड को सराहनीय सेवा पदक से नवाजा जाएगा। वहीं, फायर सर्विस में गिरीश चन्द्र लोहनी, लीडिंग फायरमैन, जनपद देहरादून, मुकेश कुमार पोखरियाल, लीडिंग फायरमैन, जनपद देहरादून को भी सराहनीय सेवा पदक से नवाजा जाएगा।

### पुरस्कारों से पुलिस विभाग में खुशी की लहर

उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलने वाले पुरस्कारों से विभाग में खुशी की लहर है. उत्तराखंड डीजीपी दीपम सेठ ने सभी पदक विजेताओं को उनकी सेवा और समर्पण के लिए बधाई दी है। साथ ही उत्तराखंड डीजीपी दीपम सेठ ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है. उत्तराखंड डीजीपी दीपम सेठ ने कहा राष्ट्रपति द्वारा यह सम्मान उत्तराखंड पुलिस के लिए गौरव व हर्ष का विषय है।

## 27 जनवरी का दिन राज्य के लिए बेहद अहम्: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित परेड ग्राउंड स्थित दून लाइब्रेरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 130वां एपिसोड सुना। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी के एक साल पूरा होने पर कहा कि 27 जनवरी का दिन हमारे राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है।

देश की आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में इसका प्रावधान किया था कि देश में समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। उसे सबसे पहले लागू करने का काम उत्तराखंड के लोगों ने किया है। उसका एक साल सफलता पूर्वक पूरा हो रहा है।

# गणतंत्र दिवस संविधान निर्माण का महापर्व : धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं एवं राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान के निर्माण का महापर्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने तथा अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देता है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि संविधान के उद्देश्यों के अनुरूप न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव

■ **मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की दीं शुभकामनाएँ**

प्रतिबद्ध रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने तथा देवभूमि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। इस प्रेरणादायी कथन से प्रदेशवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी सोच के साथ "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे अब तक लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखण्ड ने देश के अन्य राज्यों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। देवभूमि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप को बनाए रखने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। तीर्थयात्राओं के बेहतर प्रबंधन के साथ तीर्थाटन से जुड़ी स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

# सैकडों ने थामा कांग्रेस का दामन, हरदा ने दिलाई सदस्यता

■ **नव पर्वतीय विकास संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार साथियों संग कांग्रेस में शामिल**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** समाज के विभिन्न वर्गों और संस्थाओं से जुड़े सैकडों लोगों ने रविवार को उत्तराखंड कांग्रेस का दामन थामा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सभी को पार्टी का पटका और माला पहना कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई।

रविवार को राजीव भवन में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में सैकडों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद हरीश रावत ने कहा कि आज उत्तराखंड में



भाजपा सरकार पूरी तरह दिशाहीन, अहंकारी और जनभावनाओं से कटी हुई है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान उत्पीड़न, महिलाओं की असुरक्षा और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ ने जनता को सड़कों पर आने के लिए मजबूर कर दिया है। भाजपा सरकार ने उत्तराखंड की अस्मिता और संसाधनों को चंद पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रख दिया है। नव पर्वतीय विकास संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में एडवोकेट प्रभाकर कुमार, एडवोकेट पंकज शर्मा, एडवोकेट नवीन कुमार, विनोद केसला, राधेश्याम, सुभाष कुमार, रेनू, अजय प्रधान, आर्यन प्रधान, मनमोहन मौर्य, यशोदा मौर्य, मदनलाल, शिवम, विकास, राव वसीम, अली अहमद, प्रयास, रानी देवी, जरीना खातून, शांति देवी, गुलशन खान व नितेश सेठी आदि ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

नवप्रवेशी सदस्यों ने भी एक स्वर में भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि राज्य को बचाने और जनहित की राजनीति को पुन: स्थापित करने के लिए कांग्रेस के साथ खड़ा होना आज समय की मांग है। कार्यक्रम का संचालन लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, विशाल डोभाल, प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली, श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिनेश कौशल, मनमोहन शर्मा, दिनेश चौहान, प्रीतम आर्य, अखिलेश उनियाल, प्रतिमा सिंह, हरेंद्र बेदी व अरुण बलूनी उपस्थित रहे।

# जोशी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के तहत स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस (31 जनवरी) को सेवा सप्ताह के रुप में मनाया जा रहा है। जनसेवा एवं समाज कल्याण की भावना को साकार करते हुए रविवार को देहरादून के राजपुर स्थित म्युजी आर्ट कैफे के प्रांगण में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने

■ **राज्यमंत्री ज्योति प्रसाद गैरोला ने किया उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 130 वें संस्करण को सुना। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र परीक्षण, परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। लगभग 120 स्थानीय नागरिकों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने शिविर का लाभ उठाया। वहीं, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में चिकित्सकीय जांच के उपरान्त युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 21 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं के इस योगदान से कई जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता और सरकार में दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने जया सिद्धार्था अस्पताल, विवेकानन्द नेत्रालय एवं महंत इन्द्रेश अस्पताल के चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि कैंप में लगभग 200 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें 120 से अधिक स्वास्थ्य परीक्षण, 93 लोगों ने आंखो की जांच, 51 लोगों को चश्में वितरण हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान 21 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरूंग, भाजपा नेता पूनम नौटियाल, पार्षद महिमा पुण्डीर, भाजपा नेता सुरेन्द्र राणा, भाजपा नेता मंजीत रावत, मनोज जोशी, पूर्व प्रधान समीर पुण्डीर, महामंत्री मनोज क्षेत्री, समीर डोभाल, अजीत सिंह, सुधीर पुण्डीर, धीरज ठाकुर, मोहित अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, संजय नौटियाल, सारिका खत्री, निर्मला भट्ट, वरूण क्षेत्री उपस्थित रहे।



# उत्तराखण्ड तेजी से छू रह विकास के नए आयाम: राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी है।

उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान निर्माताओं को नमन किया है।

■ **राज्यपाल ने प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की दीं शुभकामनाएँ**

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप संस्कृति, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा और सैन्य शक्ति के क्षेत्र में भारत ने विश्व मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' अभियानों के कारण भारत आज वैश्विक सप्लाई चेन में एक भरोसेमंद भागीदार बन चुका है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की प्रगति यात्रा में देवभूमि उत्तराखण्ड भी पूरे सामर्थ्य शीतकालीन तीर्थाटन, बारहमासी पर्यटन, उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन का गंतव्य बनाने, अध्यात्म की वैश्विक राजधानी स्थापित करने, लोकल उत्पादों को बढ़ावा और एक जिला-एक मेला-प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए उत्तराखण्ड के भविष्य के इस विजन के अनुरूप हम विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्राप्त 3.56 लाख करोड़ रुपए के एमओयू में से 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कालसी चकराता मोटर मार्ग पर करीब साढ़े चार बजे भूतिया घूम के पास स्कूटी सवार अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर लगने से दोनों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया उनके जेब से राजेश सिंह उम्र 25 पुत्र विरेंद्र सिंह निवासी सकरोल कामला देहरादून और राजा उम्र 23 साल पुत्र हरिश्चन्द ब्लाक 21 कल्याण पुर दिल्ली आईडी मिली है। सीएचसी सहिया के डाक्टर सरिता धारिया और डाक्टर संदीप ने बताया कि दो लोगों को मृत अवस्था में लाया गया है दोनों लोग मृत है। दोनों के सर में

■ **चकराता घूमने आए दोनों पर्यटक आ रहे थे सहिया की और**

गम्भीर चोटें है।

चकराता थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर नौटियाल ने बताया की अज्ञात वाहन की जांच कर रहे है, मृतकों के शवो का पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

बताया कि उनके साथ वाले अन्य लोगों को सूचित किया गया है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## टिहरी में आधी रात को पुलिस का ऑपरेशन अलर्ट

**नई टिहरी।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से टिहरी पुलिस ने बीती रात एक विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में जिले भर में पुलिस ने रात्रि के समय सघन वाहन चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन का व्यापक अभियान छेड़ दिया है। इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में पुलिस का भय व्याप्त करना और आमजन को सुरक्षा का अहसास कराना है। इस अभियान के तहत जनपद के तमाम थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने नाकाबंदी कर सघन तलाशी ली।

# 'मेरा भारत, मेरा वोट' संदेश के साथ निकाली गई पदयात्राएं और साइकिल रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मेरा युवा भारत उत्तराखंड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन किए गए। जिसके अंतर्गत देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल में पदयात्राएं और साइकिल रैली निकाली गई। जिला खेल कार्यालय नरेंद्र नगर टिहरी गढ़वाल के सौजन्य से पूर्णानंद स्टेडियम से भद्रकाली, भद्रकाली से पूर्णानंद वापसी तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। पौड़ी गढ़वाल के कण्डोलिया पार्क में सहायक निर्वाचन अधिकारी एसएएल शाह ने युवाओं को मतदाता शपथ दिलाई। नैनीताल

■ **राष्ट्रीय मतदाता पदयात्रा में देहरादून में लगभग 800 युवाओं ने किया प्रतिभाग**

में पदयात्रा का शुभारंभ सेंट पॉल्स स्कूल, काठगोदाम से हुआ, जो क्वीन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी तक निकाली गई।

देहरादून में पदयात्रा का आयोजन ग्राफिक इरा हिल यूनिवर्सिटी से एयरफोर्स कैम्प एवं महन्त इंद्रेश मोथरोवाला तक की गई। इस अवसर पर 800 से अधिक माय भारत स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा फर्स्ट टाइम यंग वोटर्स को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। सभी




युवा प्रतिभागियों द्वारा ह्यूमन चौन बनाकर स्वतंत्र एवं निर्भीक मतदान की शपथ ली। प्रदेश में कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। देहरादून में पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्म विजेता डॉ बीकेएस संजय रहे, विशिष्ट अतिथि वाईस चांसलर प्रोफेसर नपिंदर सिंह , डॉ अमित भट्ट , डॉ अमल शुक्ला, अवदेश कौशल, डॉ आदित्य हरबोला , मोहित सिंह लेफ्टिनेंट एन. सी. सी. , मोनिका नांदल, उपनिदेशक माय भारत शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म विजेता डॉ संजय ने युवाओं को हरी झण्डी दिखाकर राष्ट्रीय मतदाता पदयात्रा के लिए रवाना किया। पदयात्रा के दौरान माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए यह पहल लोकतांत्रिक अभ्यासों में युवाओं की भागीदारी को मजबूत करेगा साथ ही युवा नागरिकों को जागरूकता जिम्मेदारी और चुनावी प्रक्रिया में स्वामित्व की भावना के साथ सशक्त बनाना लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की पदयात्रा मेरा भारत मेरा वोट थीम के साथ टर्नर लेक से एयरफोर्स कैम्प से वापस ग्राफिक इरा आकर समाप्त हुई।

# अब तक 10 हजार बीघा भूमि पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माणों एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध अब तक का सबसे सखघ्त, व्यापक और निर्णायक अभियान छेड़ रखा है। एमडीडीए द्वारा अब तक लगभग 10 हजार बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाया गया, जबकि 1000 से अधिक अवैध निर्माणों को सील किया जा चुका है। यह कार्रवाई न केवल संख्या के लिहाज से ऐतिहासिक है, बल्कि इससे अवैध गतिविधियों में लिप्त और नियम तोड़ने वालों में भय का

■ **प्राधिकरण के बुलडोजर से नहीं बचेगी एक इंच भी अवैध प्लॉटिंग**

माहौल बना है। एमडीडीए की यह कार्रवाई अब किसी एक दिन, एक क्षेत्र या किसी प्रतीकात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं है। हर दिन बुलडोजर जमीन पर है, अवैध निर्माण चिन्हित किए जा रहे हैं और नियामानुसार सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। प्राधिकरण ने साफ कर दिया है कि नक्शा पास कराए बिना, नियमों को ताक पर रखकर और अवैध रूप से प्लॉट काटने वालों पर निरंतर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में प्राधिकरण ने अवैध प्लॉटिंग और निर्माण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू किया है। पदभार संभालने के बाद से ही उपाध्यक्ष तिवारी के निर्देशों पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान को तेज किया गया है। फील्ड निरीक्षण, तकनीकी रिपोर्ट और शिकायतों के आधार पर अवैध निर्माणों की पहचान की जा रही है और बिना किसी देरी के कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। प्राधिकरण का स्पष्ट मानना है कि अवैध प्लॉटिंग केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण और जनसुरक्षा पर सीधा हमला है। अवैध कॉलोनियां भविष्य में जलभराव, ट्रैफिक जाम, पेयजल संकट और आपदा की स्थिति पैदा करती हैं, जिसकी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ती है। इसी को देखते हुए एमडीडीए ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अवैध निर्माण करने वालों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

एमडीडीए ने अवैध प्लॉटिंग करने वाले द्वारा भोले-भाले नागरिकों को गुमराह कर प्लॉट बेचने की प्रवृत्ति पर भी कड़ा रुख अपनाया है। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति अवैध प्लॉटिंग में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सीलिंग, ध्वस्तीकरण के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।एमडीडीए का साफ संदेश है या तो नियमों के दायरे में रहकर काम करें, या फिर बुलडोजर के लिए तैयार रहें।

### इन क्षेत्रों में हुई सबसे ज्यादा कार्रवाई

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा अभी तक सबसे अधिक कार्रवाई विकासनगर, सहसपुर, सेलाकुई, हरबर्टपुर, मेहूंवाला माफी, माजरीग्रांट, पोखरी, नौगांव मांडूवाला, शिमला बाईपास रोड, प्रेमनगर, सहस्रधारा रोड, छिदरवाला, पित्थूवाला, हरभवाला, धर्मावाला, धौलास, लांघा रोड सहित डोईवाला क्षेत्र के तेलपुरा, चीनी मिल रोड, थानो रोड, भोगपुर, घमंडपुर, भानियावाला, रानीपोखरी, लालतप्पड़, कुआंवाला, हर्रावाला, बालावाला, गुलरघाटी, नकरौंदा, नथुवाला, मोहकमपुर, दूधली, शेरपुरा, बीएफ कैंप, साथ ही रायपुर और धर्मपुर क्षेत्र में की गई है।

### अवैध निर्माण का मतलब तयशुदा ध्वस्तीकरण: तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 10 हजार बीघा भूमि पर बुलडोजर चलाया जा चुका है और 1000 से अधिक अवैध निर्माणों को सील किया गया है, इसके बावजूद नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान रुकने वाला नहीं है। बिना अनुमति निर्माण करने वालों के लिए संदेश साफ है, अब अवैध निर्माण का अंजाम तय है। उपाध्यक्ष ने आम जनता से अपील की कि भूमि खरीदने या निर्माण से पहले एमडीडीए से विधिवत अनुमति अवश्य लें, अन्यथा होने वाले नुकसान की पूरी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### चिन्हित होते ही सीलिंग और ध्वस्तीकरण: बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं और अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माणों को चिन्हित होते ही तुरंत ही नियमानुसार सील और ध्वस्त किया जा रहा है। सचिव ने कहा कि एमडीडीए का उद्देश्य नियोजित विकास सुनिश्चित करना है, लेकिन जो कानून को चुनौती देंगे, उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी।

# कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान की घोषणा पर सीएम ने जताई खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा समस्त उत्तराखंडवासियों के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। यह सम्मान उनके संपूर्ण सार्वजनिक जीवन, राष्ट्रसेवा और समाजहित के प्रति समर्पण का यथोचित सम्मान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोश्यारी का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन सादगी, सिद्धांतनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा है। अपने दीर्घ राजनीतिक जीवन में उन्होंने सदैव जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और उत्तराखंड सहित देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी का जीवन संघर्ष, मूल्यों की राजनीति और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण है।

पर्वतीय क्षेत्रों के विकास, सामाजिक समरसता के सुदृढ़ीकरण और सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए गए उनके प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणास्तंभ हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोश्यारी ने अपने कार्यों और विचारों से न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश को दिशा देने का कार्य किया है। उनका अनुभव, दूरदृष्टि और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों की ओर से भगत सिंह कोश्यारी को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

# स्कूलों में भी ड्राइविंग ट्रेनिंग दी जानी चाहिए: डॉ संजय

**■ मेरा युवा भारत के तहत कार्यक्रम आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** मेरा युवा भारत देहरादून (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र देहरादून में अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 24 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिला उधम सिंह नगर के 37 युवा प्रतिभागी प्रतिभागी कर रहे हैं। इस वर्ष 2026 की थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत संस्कृत संवाद और सहयोग है। इसका उद्देश्य यह है कि युवा अन्य जिलों की संस्कृति, बोलियां, परंपराओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री अवार्ड दी शिक्षाविद लेखक ऑर्थोपेडिक एवं एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ प्रोफेसर बीके एस संजय व विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश शर्मा, मेरा युवा भारत देहरादून कीउपनिदेशक मोनिका घ्नांनद व प्रोग्राम एवं कार्यक्रम सहायक प्रवेश सिंह बजवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। मेरा युवा भारत देहरादून की उपनिदेशक मोनिका नांनद व प्रोग्राम एवं कार्यक्रम सहायक प्रवेश सिंह बजवाल द्वारा मुख्य अतिथि डॉ प्रोफेसर बीके एसघ संजय व विशिष्ट अतिथि अवधेश शर्मा को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंटकर कर उनका स्वागत किया गया। मेरा युवा भारत देहरादून की उपनिदेशक मोनिका नांनद द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से परिचित करवाया।



विशिष्ट अतिथि अवधेश शर्मा ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, बंधुआ मजदूरी के इतिहास के विषय पर चर्चा की और बताया कि किस प्रकार संगठन मेंघ रहकर सामाजिक कुरीतियों के विरोध में लड़ाई लड़ी जा सकती है। मुख्य अतिथि डॉ प्रो बीके एस संजय ने युवाओं को जितनी ज्यादा गति उतनी ज्यादा क्षति कविता के माध्यम से जागरुक करते हुए कहा कि सड़क नियमों का पालन न करना कितना जानलेवा हो सकता है और कहा कि स्कूलों में भी ड्राइविंग ट्रेनिंग दी जानी चाहिए और उनके द्वारासभी उपस्थित युवाओं को सड़क नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके पर माय भारत उधम सिंह नगर की पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला, अरुण कुमार,घअर्जुन यादव,घ शिवास्वामी,घ पूजा वर्मा वह अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# लोहाघाट में गणतंत्र दिवस की तैयारियां तेज

**■ आईटीबीपी की गरजती परेड से गूंजेगा जिला मुख्यालय**

**लोहाघाट।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली सामूहिक परेड को लेकर आईटीबीपी बटालियन में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। परेड के लिए दिनभर पूर्वाभ्यास किया गया, जहां जब हिमवीर कदम से कदम मिलाकर चलते हैं और उनकी हुंकार गूंजती है तो आकाश भी जैसे डोल उठता है धरती हिलने लगती है।

इन वीर जवानों को देखकर दर्शकों का सीना गर्व से फूल उठता है और यह विश्वास और मजबूत होता है कि इनकी मौजूदगी में राष्ट्र और सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस वर्ष जिला मुख्यालय में होने वाली परेड में आईटीबीपी की महिला जवान पहली बार हिस्सा लेंगी और



अपनी क्षमता, अनुशासन व शौर्य का शानदार प्रदर्शन करेंगी। महिला परेड दल का नेतृत्व एसआई दरवान सिंह करेंगे। पहली बार सार्वजनिक परेड में शामिल हो रही महिला जवानों में भारी उत्साह देखने को मिला। पूनम, पूर्णिमा, सुष्मिता और किरण, शीला, अनुराधा सहित अन्य महिला जवानों ने बताया कि वे इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर बेहद उत्साहित हैं और अपनी बटालियन को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ अभ्यास कर रही हैं।कमांडेंट संजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में फिट रहने का संदेश दिया गया। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम शारीरिक व मानसिक रूप से फिट नहीं रहेंगे, तब तक अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वहन संभव नहीं है। उन्होंने प्रकृति से जुड़कर संतुलित दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और सकारात्मक सोच अपनाने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी सुबे सिंह, सहायक सेनानी गौरव कुमार, अनिल कुमार, मेडिकल ऑफिसर आसरा बटुल, डीएस राठौर, इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा, एसआईजे सतवीर सिंह, एसआई महेश पारिकर सहित अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

# ग्राम पंचायत अमौली में मनाया मतदाता जागरूकता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आदर्श ग्राम पंचायत अमौली में मतदाता जागरूकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को लोकतांत्रिक अधिकारों और मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चन्द्र भट्ट तथा बीएलओ हीरा देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सभी वार्ड सदस्यों के साथ मनीष भट्ट, हरीश चन्द्र भट्ट, केशव दत्त भट्ट, सुमित भट्ट, मनोज भट्ट, दीपा भट्ट, भावना भट्ट, कविता भट्ट, दिया भट्ट सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान में भाग लेना बेहद जरूरी है।



कार्यक्रम के दौरान सभी ने जागरूक मतदाता बनने का संकल्प भी लिया।

# क्वालिटी के मंत्र और स्वच्छता के संदेश पर टिहरी ने लगाई मुहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 130वें संस्करण का प्रसारण रविवार को जिला मुख्यालय स्थित न्यू टिहरी प्रेस क्लब में पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई की अध्यक्षता में सामूहिक रूप से सुना गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, मातृशक्ति, स्थानीय नागरिक और बच्चे एकत्रित हुए। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को एकाग्रता से सुना और उनके द्वारा दिए गए राष्ट्र निर्माण के संदेशों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की प्रगति के लिए नागरिकों को "क्वालिटी, क्वालिटी, क्वालिटी" का मूल मंत्र दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी उत्पाद या सेवा में गुणवत्ता ही आत्मनिर्भर भारत की पहचान बनेगी।

इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से प्रेरणादायक उदाहरण साझा किए और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के उत्थान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी को अनिवार्य बताया। प्रेस क्लब में उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री के इन विचारों का स्वागत करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका समर्थन किया।कार्यक्रम के समापन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" के माध्यम से जो मूल मंत्र दिए हैं, वे देश की दशा और दिशा बदलने वाले हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे पीएम के शब्दों को केवल सुनें नहीं, बल्कि उन्हें अपने मन और कर्म में स्थापित करें। धनाई ने कहा कि गुणवत्ता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही विकसित राष्ट्र की नींव है। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विकासपरक विजन को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मनोहर कुडियाल, पूर्व प्रमुख अनीता कंडियाल, लक्ष्मी पंवार, शिवानी बिष्ट, वीर सिंह कण्डियाल, भूपेंद्र रावत, गीता रावत, ऊषा कुडियाल, मौनिका असवाल, अंजू पुण्डीर, नीतू बिष्ट, दीपा देवी, हीरा सिंह नेगी, प्रेस क्लब के महामंत्री विजय गुसाईं, कोषाध्यक्ष धनपाल गुनसोला, बलवीर सिंह नेगी और प्रताप गुसाईं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चम्पावत को मिला राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन व्यवहार पुरस्कार-2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जनपद चम्पावत को उत्तराखंड के चार चयनित जनपदों में शामिल करते हुए "राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन व्यवहार पुरस्कार-2026" से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि जनपद चम्पावत के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ सुदृढ़, पारदर्शी एवं नवाचारी निर्वाचन प्रणाली की सशक्त पहचान भी है।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड द्वारा घोषित इस सम्मान के लिए



चम्पावत के साथ रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं उत्तरकाशी जनपदों का चयन किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व में पूर्व-संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि के दौरान किए गए उत्कृष्ट मतदाता मानचित्रण, मतदाता सूची के शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित निर्माण, तकनीकी दक्षता, पूर्ण पारदर्शिता तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में उल्लेखनीय कार्य के लिए जनपद को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान जिलाधिकारी मनीष कुमार के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती द्वारा ग्रहण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि यह सम्मान जनपद चम्पावत की पूरी निर्वाचन टीम ब्लॉक स्तर अधिकारी, पर्यवेक्षक, उपजिलाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी सहयोगियों के समन्वित, समर्पित एवं अनुकरणीय प्रयासों का परिणाम है।

# योग से आरोग्य और स्वाभिमान का संकल्प

**■ चंपावत में पतंजलि व भारत स्वाभिमान मंच की संयुक्त बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान मंच की संयुक्त बैठक में देश को आरोग्यवान एवं स्वाभिमानी बनाने का संकल्प दोहराया गया।

बैठक में कहा गया कि स्वस्थ समाज की संरचना के लिए समाज की प्रत्येक इकाई को योग एवं प्राणायाम से जोड़ते हुए उनमें नए आचार, विचार और संस्कार विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। यह सामूहिक प्रयास ही राष्ट्र को सशक्त दिशा दे सकता है। एंग्लो संस्कृत विद्यालय, चंपावत के प्रांगण में आयोजित बैठक की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लोकमणि पंत ने की, जिन्होंने सभी साधकों का स्वागत करते हुए संगठन की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर योगपीठ हरिद्वार में विशेष प्रशिक्षण लेकर लौटे राजेंद्र गहतोड़ी ने अपने शिविर के अनुभव साझा किए और वहां प्राप्त निर्देशों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग शिक्षकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ योग कक्षाओं का विस्तार किया जाना जरूरी है, ताकि एक ऐसी मजबूत श्रृंखला तैयार हो सके जिससे योग का संदेश गांव-गांव और चौक-चौराहों तक पहुंच सके।



संगठनात्मक निर्णयों के तहत जिला युवा प्रभारी चंद्र प्रकाश पुनेठा को प्रांतिय कार्यकारणी में शामिल होने से रिक्त हुए पद पर चंद्रशेखर फुलेरा को नियुक्त किया गया, जबकि रोहन पंगरिया को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में हृदयांश जोशी, डॉ. भुवन जोशी, मोहन गिरी, चंद्रप्रकाश, अशोक बिष्ट, चन्द्र शेखर फुलारा, जनार्दन चिलकोटी, राजेंद्र गहतोड़ी, रोहन पंगरिया, सचिन बोहरा सहित अन्य योग साधक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अभिनव पहल

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी की पहल से जनपद में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल "मेरी चेली म्यार घरै पछयांण" कार्यक्रम का शुभारम्भ कनालीछीना विकासखण्ड से किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका के जन्म पर उसके परिवार के घर की पहचान बालिका के नाम से की जाएगी। संबंधित परिवार को बालिका के नाम की पट्टिका महिला एवं बाल विकास विभाग, पिथौरागढ़ द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे घर के बाहर स्थापित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बालिका के प्रति गर्व एवं सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना तथा समाज में यह संदेश देना है कि बेटियां परिवार और समाज की शान हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का लिंगानुपात अपेक्षाकृत कम है, विशेष रूप से बालकों की तुलना में बालिकाओं का लिंगानुपात चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात का एक सौ तीसवां एपिसोड सभासद आवास पर सुना।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक सौ तीसवें एपिसोड में भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौजूदा समय में विश्व में अब सस्ते उत्पादों का नहीं बल्कि टिकाऊ एवं अच्छे उत्पादों का जमाना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में टीके रहने के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रहना जरूरी है। सभासद विश्वनाथ यादव के आवास पर मन की बात कार्यक्रम सुनने वालो में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, अध्यक्ष जीवन धामी, पूर्व मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, तरुण ठाकुर, किशन बिष्ट, गोपाल बोरा, अप्पू सोनकर, मनीष राणा, मोनिश अंसारी, राहुल सक्सेना, अर्पित कॉलोनी, भानु रस्तोगी तथा शुभम पटवा आदि उपस्थित रहे।

# कमांडेंट सुभाष चंद्र यादव को उत्कृष्ट सेवा के लिए मिलेगा पुलिस पदक

**लोहाघाट।** आईटीबीपी के कमांडेंट सुभाष चंद्र यादव को 26 वर्षों की बेदाग, समर्पित और उत्कृष्ट सेवा के लिए गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर "उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक" से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके अनुकरणीय नेतृत्व, उच्च प्रोफेशनलिज्म और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

गांव उमरी अहारा, मुंडरवा (बस्ती, उत्तर प्रदेश) निवासी यादव ने सैनिक स्कूल लखनऊ से शिक्षा प्राप्त कर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक किया और अगस्त 1999 में आईटीबीपी में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में सेवा प्रारंभ की। उन्होंने उत्तराखंड, अरुणाचल, सिक्किम, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर जैसे कठिन क्षेत्रों सहित एनएसजी में छह वर्षों तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। कमांडेंट के रूप में उन्होंने लोहाघाट की 36वीं वाहिनी के अलावा 47वीं और 39वीं बटालियन की सफल कमान के दौरान उनकी यूनिट्स को सर्वश्रेष्ठ बटालियन के खिताब मिले। चीन के साथ गलवान संघर्ष में इन्होंने जाबांजी के साथ नेतृत्व किया सिक्किम बाढ़ राहत और कैलाश मानसरोवर यात्रा जैसे अभियानों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। वर्तमान में वे ग्रेटर नोएडा में 39वीं बटालियन के कमांडेंट के रूप में तैनात हैं। कमांडेंट यादव की 36वीं बटालियन में दी गई विशिष्ट सेवाओं को आज भी याद किया जाता है। उन के समकक्ष वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार ने भी उन्हें बधाई दी है।

# एनसीसी आर्मी और नेवल विंग की ए सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न

**रामनगर।** एमपी इण्टर कॉलेज रामनगर में 79 यूके बटालियन एन सी सी नैनीताल व 05 यूके नेवल बटालियन नैनीताल की दो दिवसीय एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा का रविवार को समापन हुआ। इस परीक्षा में रामनगर क्षेत्र के स्कूलों से जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग आर्मी व नेवल के करीब 266 कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

# वन चेतना स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेल का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारने की सोच के तहत जिला खेल कार्यालय उधम सिंह नगर द्वारा आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को वन चेतना स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़, ओपन जिम तथा बॉक्सिंग रिंग का विधिवत शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी द्वारा किया गया।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही इस अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सभी नागरिकों हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई तथा लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जीवन धामी, विकी रस्तोगी, सतीश भट्ट, किशन चंद, नीरज सक्सेना, रवीश भटनागर, मोहम्मद शारिक तथा नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स

# खनन कारोबारी ने की संदिग्ध हालात में आत्महत्या

**■ अवैध तमंचे से कनपटी पर मारी गोली**

**■ पुलिस हर एंगल से कर रही जांच**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बन्नाखेड़ा में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई। जब एक खनन कारोबारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त मृतक घर में अकेला था। जबकि परिवार के अन्य सदस्य गुरुद्वारे गए हुए थे। मृतक की पहचान 40 वर्षीय गुरजीत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार गुरजीत उत्तर प्रदेश के स्वार क्षेत्र में साझेदारी में स्टोन क्रशर स्थापित करने की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार को ही उसे क्रशर लगाने की अनुमति मिली थी। रविवार दोपहर परिवार के लोग गुरुद्वारे मत्था टेकने गए थे। इसी दौरान गुरजीत ने घर में रखे एक अवैध तमंचे से अपनी कनपटी पर गोली मार ली। जब परिजन वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उन्होंने पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां गुरजीत का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतक किराये के मकान में रह रहा था। जबकि उसका स्वयं का मकान बन्नाखेड़ा में निर्माणाधीन है। प्रारंभिक जांच में किसी बाहरी व्यक्ति के हस्तक्षेप के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि गुरजीत के पास अवैध तमंचा कहां से आया और आत्महत्या के पीछे क्या कारण रहे। घटना की जानकारी मिलते ही काशीपुर एसपी स्वप्न किशोर सिंह, सीओ विभव सैनी और कोतवाल नरेश चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों, मृतक की मानसिक स्थिति और अवैध हथियार की आपूर्ति से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहन जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# युवक पर किया जानलेवा हमला, गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजीव कॉलोनी निवासी एक युवक पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक अर्जुन पुत्र हरप्रसाद ने रविवार को कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, घटना रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे की है। अर्जुन फौजी कॉलोनी स्थित एक राइस मिल में चावल पैकिंग का कार्य कर रहा था। इसी दौरान राजीव कॉलोनी निवासी दो व्यक्ति ने उस पर कट्टा फेंककर हमला किया। इसकी शिकायत अर्जुन ने ठेकेदार से की। जिससे आरोपी आग बबूला हो गया और गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित ने बताया कि काम समाप्त कर जब वह घर लौट रहा था। तभी राइस मिल के बाहर सड़क पर आरोपी ने अपने 3-4 साथियों के साथ उसे घेर लिया और बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से लोहे के कड़े से अर्जुन के सिर पर वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में उसके सिर और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसे और उसके परिवार को आरोपियों से जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम: डीएम

- मतदाता दिवस पर छात्र-छात्राओं ने दिया मतदान का संदेश
- प्री-एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हल्द्वानी स्थित एक पब्लिक स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा प्री एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ तथा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में कराई गई पेंटिंग, क्विज, डिबेट आदि प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ ही मतदाता जागरूकता संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं गीत प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा मतदाता जगरूकता हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने कहा कि आज के इस आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता दिवस से संबंधित जो कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बेहतर रूप से एक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार होने के साथ ही हमारी एक जिम्मेदारी भी है। हम अवश्य मतदान करें, और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोकतंत्र में पूरे विश्व का भरोसा है। निष्पक्ष, निर्भीक के लिए हमारे निर्वाचन को जाना जाता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। आज से 15 वर्ष पहले इस तिथि को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाना प्रारंभ हुआ। उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान में राज्य में प्री एसआईआर चल रहा है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में अंकन से न छुटे और अपात्र का नाम न जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करें। अपने अधिकार को समझें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद जायसवाल, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचडी पाण्डे, खण्ड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह, क्वीन्स स्कूल के प्रबंधक आरपी सिंह, प्रधानाचार्य डा. बीबी पाण्डे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संत समाज का अपमान: कांग्रेस का मौन उपवास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राचीन राम मंदिर रामलीला मोहल्ला में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में रविवार को महानगर कांग्रेस द्वारा माघ मेले प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज और अन्य संतों के साथ हुई अमर्यादित बदसलू.की के विरोध में दो घंटे का मौन उपवास रखकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौन उपवास का समापन हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ किया। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा माघ मेले जैसे पावन अवसर पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज और साधु-संतों के साथ हुई बदसलूकी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। संत समाज सदैव हमारे मार्गदर्शक रहे हैं और सनातन धर्म की आत्मा हैं। उनका अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा आज का उपवास किसी राजनी. तिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सनातन धर्म की गरिमा, संत समाज के सम्मान और धार्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए रखा गया है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा संत-महात्माओं का अपमान न केवल सनातन संस्कृति का अपमान है, बल्कि यह हमारे देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर भी चोट है। कांग्रेस पार्टी धर्म, आस्था और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कृत्यों का विरोध करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, हेमन्त बगड़वाल, एनबी गुणवंत, अवध बिहारी शर्मा, नरेश अग्रवाल, जीवन कार्की, मलय बिष्ट, दीप पाठक, गो. विंद बगड़वाल, शोभा बिष्ट, जया कर्नाटक, राजो टंडन, पार्षद नीमा भट्ट, पार्षद रवि जोशी, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, हेमन्त शर्मा, हरगोविंद रावत, मोहन बिष्ट, हेमन्त साहू, डा. केदार पलड़िया, संजू पाना, दिवेश तिवारी, संजू उप्रेती, कैलाश साह, गुरप्रीत प्रिंस, हरीश बल्यूटिया, जगमोहन बगड़वाल, अमित रावत, नितिन भट्ट, संदीप पांडे, गिरीश पांडे, पंडित मदन मोहन जोशी, पंडित विवेक शर्मा, सविता गुसांनी, अल्का आर्य, गीता बहुगुणा, राधा आर्य, अनिता बिष्ट, सुमित कुमार, देवेंद्र नेगी, रविन्द्र रावत, कार्तिक बिष्ट, हिमांशु जोशी, जीवन बिष्ट, उदित करायत, राम सिंह नगरकोटी, हरेन्द्र क्वीरा आदि मौजूद रहे।

# डायवर्जन प्लान हुआ फेल काठगोदाम में लंबा जाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वीकेंड और बर्फबारी के बाद रविवार को पहाड़ों की ओर सैलानियों की भारी भीड़ ने काठगोदाम में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ों की ओर जाने वाले वाहनों की संख्या में अचानक वृद्धि ने काठगोदाम में जगह-जगह जाम की स्थिति उत्पन्न कर दी। पर्यटकों के वाहनों की अधिकता के कारण काठगोदाम रेलवे स्टेशन से मल्ला काठगोदाम चौकी तक वाहन रेंगते हुए चलते दिखे। सिर्फ काठगोदाम ही नहीं, बल्कि प्रमुख पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर भी यातायात का दबाव बना रहा। रविवार को नैनीताल, भीमताल, भवाली, मुक्तेश्वर, रानीखेत, अल्मोड़ा, कैंचीधाम और अन्य पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही, खासकर नैनीताल जाने और लौटने वाले वाहनों के एक साथ आने से यातायात प्रभावित हुआ। काठगोदाम के नरीमन तिराहे पर जाम की स्थिति सबसे अधिक बनी रही, क्योंकि यहां से गौलापार, शहर और पहाड़ों की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन होता है। दोनों ओर से वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण कई बार लंबा जाम लग गया, जिससे वाहन चालकों को घंटों इंतजार करना पड़ा। जाम में फंसे पर्यटकों को खाने-पीने के लिए दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हुई, जबकि बच्चों और बुजुर्गों को वाहन में बैठकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई पर्यटक देर शाम तक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। पर्यटकों की भीड़ खासतौर पर कैंचीधाम जाने के लिए उत्साहित दिखी, जिससे भवाली और कैंचीधाम मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। बर्फबारी के बाद पहाड़ों की सैर और धार्मिक पर्यटन के चलते यात्रियों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई, जिससे यातायात पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। यातायात पुलिस निरीक्षक महेश चंद्रा ने बताया कि कुछ समय के लिए वाहनों की रफ्तार रुक गई थी, लेकिन यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था को संभाला और ट्रैफिक को सुचारू किया। अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से वाहनों को नियंत्रित किया गया और स्थिति को सामान्य किया गया।

# गणतंत्र दिवस: चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

- शनिवार रात से ही सघन चेकिंग, पर्यटन स्थलों पर खास नजर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गणतंत्र दिवस के उल्लास में किसी भी तरह का खलल डालने वालों को रोकने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। शहर की सीमा से लेकर कुमाऊं की नेपाल सीमा और उससे सटे जंगलों तक, पुलिस ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ कॉबिंग और सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। बीते शनिवार रात को पुलिस ने कुमाऊं के प्रमुख पर्यटन स्थलों, बस अड्ढा, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैंड और संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी। इस दौरान डॉग स्क्वाड और बम स्क्वाड द्वारा भी चैकिंग की जा रही है। बता दें कि दो दिन पूर्व ही आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कुमाऊ में चौकसी के निर्देश दिए थे। जिसके बाद शनिवार रात से ही पुलिस इस काम में जुट गई। नैनीताल जिले में भी एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिस बल को सतर्क रहते हुए प्रमुख मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक स्थानों व सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी चंकिंग और गश्त के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी ली और संदेहास्पद गतिविधियों को रो. कने के लिए कदम उठाए। आईजी के मुताबिक, कुमाऊं के पिथौरागढ़, चंपावत और टनकपुर क्षेत्रों के जंगलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां लगातार कॉबिंग कर रही हैं। सीमा क्षेत्र में पैदल रास्तों, कच्चे मार्गों और चोर रास्तों की निगरानी बढ़ा दी गई है। इन क्षेत्रों में गश्त के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच भी जारी है। कुमाऊं के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे नैनीताल, भीमताल, नौकुचियाताल, सातताल, मुक्तेश्वर, रानीखेत, अल्मोड़ा, कौसानी, बिनसर, जागेश्वर, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चौकोरी, चंपावत, लोहाघाट और एबॉट माउंट पर भी पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इन क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**नेपाल और चीन से जुड़ी उत्तराखंड की सीमा:** कुमाऊं मंडल की सीमाएं उत्तर प्रदेश के बरेली और मुरादाबाद मंडल से जुड़ी हैं, जबकि अंत. रराष्ट्रीय सीमा नेपाल से लगी है। इसके अलावा, पिथौरागढ़ जिले की सीमा तिब्बत (चीन) से भी जुड़ी हुई है, जिससे यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता और पर्यटकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति के बारे में तुरंत स्थानीय पुलिस या डायल 112 को सूचना दें, ताकि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा

**हल्द्वानी।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा पार्क (शहीद पार्क) ठंडी सड़क पर साथी संगठन हल्द्वानी द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी व संचालन संगठन के महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया ने किया। बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम कार्य योजना पर चर्चा की गई। महासचिव श्री गौनिया ने बताया कि इस वर्ष 26 जनवरी को राजकीय प्राइमरी पाठशाला, सुभाष नगर में सुबह साढ़े 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद छात्रों को मिष्ठान वितरित किया जाएगा। बैठक में जीवन चंद्र, मोहन चंद्र पांडे, भुवन उप्रेती, राजेंद्र सिंह बोरा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद सिंह रावत, डीडी शर्मा, मोहन सिंह महारा आदि मौजूद रहे।

# आईटीबीपी की ने चलाया फिट इंडिया अभियान

- 34वीं वाहिनी आईटीबीपी में संडे ऑन साइकिल अभियान
- फिट इंडिया का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** आईटीबीपी की 34वीं बटालियन हल्दुचौड़ ने फिट इंडिया अभियान के तहत एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया। कमांडेंट अनिल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संडे ऑन साइकिल कैंपेन की शुरुआत की गई, जिसमें बटालियन के जवानों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान हेमंत कुमार, संजीव कुमार, शिखर चंद पुनेठा, दीपक रावत सहित कई अन्य जवानों ने भाग लिया। साइकिल रैली का शुभारंभ 34 वाहिनी मुख्यालय से हुआ और यह रैली हल्दुचौड़, मोटाहल्दु, शास्त्री नगर, फ्लावर मोड़ होते हुए वापस मुख्यालय तक पूरी हुई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जवानों और आम नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और फिट रहने के लिए प्रेरित करना था। साइकिल रैली के माध्यम से यह संद. ेश दिया गया कि फिट रहना केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का मामला नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी भी बन जाती है। कार्यक्रम के दौरान फिट इंडिया मूवमेंट के महत्व पर जोर दिया गया और सभी से इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने की अपील की गई।

# छात्रावास निर्माण का निरीक्षण

- संशोधित डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने ली बैठक
- कहा- भूमि संबंधी औपचारिकताएं भी जल्द पूरी करें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को हल्द्वानी में सैनिकों के बच्चों के लिए 150 कक्षों के प्रस्तावित आधुनिक छात्रावास निर्माण के लिए गन्ना सेंटर के समीप सैनिक कल्याण विभाग द्वारा चयनित 0.7 हेक्टेयर भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर चयनित भूमि से संबंधित प्रकरण का एक सप्ताह के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यदाई संस्था मंडी परिषद के अधिकारियों को छात्रावास निर्माण की संशोधित (रिवाइज़) डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास के साथ एक आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण के लिए भी कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में सैनिकों के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण के लिए गन्ना सेंटर के समीप भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है। उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिका. रियों को भूमि संबंधी औपचारिकताओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने स्थानीय लोगों की समस्या भी सुनी। इस दौरान मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, डीएम ललित मोहन रयाल, एडीएम विवेक राय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रमेश, डीएफओ ओपी तिवारी आदि थे।

# मनरेगा से अधिक प्रभावी है वीबी-जी राम जी विधेयक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कृषि, कृषक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी विधेयक 2025 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संशो. धित योजना मनरेगा से अधिक प्रभावी है और ग्रामीणों के हित में तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि अब रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। योजना के तहत स्थायी परिसंपत्ति निर्माण, जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत ढांचे, खेती और आजीविका से जुड़े कार्यों को शामिल किया गया है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड के लिए आपदा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए रिटेनिंग वॉल और फॉरेस्ट फायर रोकथाम के कार्य भी जोड़े गए है। उन्होंने बताया कि योजना में केंद्र और राज्य का अनुपात 90-10 रहेगा। कृषि कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए बुवाई व कटाई के दौरान साल में 60 दिन कार्य नहीं कराया जाएगा। वर्तमान में उत्तराखंड में 10.10 लाख जॉब कार्ड धारक परिवार पंजीकृत हैं। इस वित्तीय वर्ष में राज्य को 840 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह योजना 2047 तक समृद्ध ग्रामीण भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, प्रदीप जनौटी, नितिन राणा, विनोद तिवारी, अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।




# मतदाता दिवस पर क्रॉस कंट्री दौड़

- बालिकाओं में त्रिवेणी, बालकों में मेहताब ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गणतंत्र दिवस की पूर्व बेला एवं मतदाता दिवस के उपलक्ष में जूनियर बालक-बालिका व ओपन पुरुष-महिलाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम गोलापार में संपन्न कराई गई। जिसमें लगभग 108 बालक, बालिकाओं तथा पुरुष-महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ किया। जिसमें बालिका ग्रुप में त्रिवेणी खनका प्रथम, अंनशिका द्वितीय, हिमानी आर्य तृतीय रही, बालक ग्रुप में मेहताब प्रथम, विक्की दितीय, मो. हित साहू तृतीय रहे। ओपन पुरुष में सागर राम प्रथम, रोहित कुमार द्वितीय व शिवांशु साहू तीसरे स्थान पर रहे। महिला ग्रुप में अनु भट्ट प्रथम, नीतू आर्या द्वितीय व प्रित्यूउषा जोशी तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट एवं उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रैकसूट से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, महेश बिष्ट, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, अंकुश रौतेला, निलेश गुप्ता, राहुल सिंह, तनुजा आर्य, गोविंद लटवाल, संजय, गोपाल नेगी, अमन, निशांत मेहता आदि मौजूद रहे।

# धर्मसभा को लेकर शिवसेना का मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 7 मार्च को होने वाले शिव सेना द्वारा धर्म सभा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को शिव सेना की एक बैठक रामपुर रोड हिंदू धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें शिवसेना पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। बैठक में शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि धर्म सभा में शिव सेना के राष्ट्रीय पदाधिक. ारी उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के राज्य प्रमुख, जिला प्रमुख, नगर प्रमुख, सहित अन्य शिव सैनिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे यह धर्म सभा सनातन धर्म की रक्षा, गो माता की रक्षा, लव जिहाद से युवतियों को बचाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार भईयू ने बताया कि सभा के साथ शहर में विशाल शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा बैठक में खेमराज साहू, त्रिलोक सिंह, सुनील गुप्ता, विक्रम बिष्ट, राजकुमार गुप्ता, विजय कुमार, मोना भाई, शशी मिश्रा, बाला दत्त नैनवाल, अशोक सिंधी, पदमपाल, सुशील गुप्ता, प्रमोद आर्य, अभिषेक कश्यप, पूरन सागर, पुरुषोत्तम सिंह, सुनील गुप्ता, दीपक राजपूत, प्रदीप पाठक, घनश्याम मौर्य, अक्षय मौर्य, मनोज अग्रवाल, राजू साहू, गुरुवंश आहूजा, सागर कश्यप, योगेश चौहान, प्रमोद रावत, रवि कश्यप, जितेंद्र नागर, शिव सैनी सहित कई शिवसेना पदाधिकारी मौजूद रहे।




# बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाने के लिए वनाधिकार कानून 2006 सबसे प्रभावी रास्ता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता के निवासियों की दशकों पुरानी मांग को अब मजबूत राजनीतिक समर्थन मिल रहा है। वनाधिकार समिति बिंदुखत्ता और पूर्व सैनिक संगठन बिंदुखत्ता द्वारा आयोजित वनाधिकार कानून पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में शिवसेना के कुमाऊं प्रमुख पुरानचंद भट्ट ने अपनी पार्टी की ओर से इस मांग का खुलकर समर्थन किया। पूरानचंद भट्ट ने कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाने का एकमात्र वैधानिक और व्यावहारिक रास्ता अब केवल वनाधिकार अधिनियम 2006 है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह कानून ही बिंदुखत्ता के राजस्व ग्राम बनने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है। वनाधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ और सचिव भुवन भट्ट ने बताया कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा और जिला स्तरीय समिति को दावों पर निर्णय लेने का अधिकार है। इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से सुप्रीम कोर्ट की रोक का कोई असर नहीं पड़ेगा, और प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि समिति ने सभी आवश्यक दस्तावेज पहले ही प्रस्तुत कर दिए हैं। वनाधिकार समिति ने ऐसे सभी लोगों को 8 फरवरी को खुले मंच पर आमंत्रित किया है और खुली चुनौती दी है कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद यदि कोई दूसरा वैधानिक रास्ता है, तो उसे सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाए। इस मौके पर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, बसंत पांडे, पुरानचंद भट्ट, चंचल कोरंगा, श्याम सिंह रावत, इंदर पनेरी, दलवीर कफोला, रंजीत गड़िया, केडी मिश्रा, सुरेश कुमार, कविराज धामी, उमेश भट्ट, भरत नेगी, रमेश गोस्वामी, कैलाश जोशी, भुवन शर्मा, नंदन बोरा, गोविन्द बोरा, बलवंत बिष्ट, तारा दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी प्रतिनिधिमंडल कोतवाल से मिला

- अवैध नशा और समाज विरोधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के विभिन्न हिस्सों में अवैध कारोबार, नशा, शराब और समाज विरोधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को प्रांतीय नगर उद्योग युवा व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष कुंदन रावत और युवा महामंत्री ललित जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक शिष्टमंडल कोतवाल विजय मेहता से मिला और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि नीलकंठ अस्पताल के आसपास और अन्य इलाकों में अवैध कारोबार की गति. विधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे न केवल व्यापारी वर्ग, बल्कि आम जनता को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार में अनियंत्रित ठेलों की वजह से पूरे क्षेत्र का स्वरूप बिगड़ गया है। कुछ दुकानदारों ने मोटी रकम लेकर अपनी दुकानों के आगे की सड़क तक को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके अतिरिक्त कोचिंग सेंटरों और स्कूलों के आसपास की गतिविधियां भी संदिग्ध हैं, जिनका सत्यापन अभियान न होने के कारण असामा. जिक तत्वों का खतरा बना हुआ है। व्यापारियों ने समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि अपराधियों में कानून का डर पैदा हो सके। इस मौके पर निलेश भारद्वाज, चेतन जायसवाल, उमेश माथुर, राहुल गोस्वामी, रोहित सनवाल, धर्मेंद्र रावत, राहुल सागर, हरेन्द्र बिष्ट, पंकज फुलारा, गौरव सोनकर, प्रतिक लोसाली आदि मौजूद रहे।

# सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भव्य खिचड़ी भोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** माघ मास के शुभ अवसर पर सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने कुसुमखेड़ा चौक पर भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष लाखन सिंह निगल्टिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा बत्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री भुवन भट्ट, तेज सिंह कार्की, प्रताप जोशी, और महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी नेताओं ने व्यापारी एकता को प्रोत्साहित करने और सामाजिक कार्यों में योगदान देने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता संजय त्यागी, संजय बिष्ट, चंदन बिष्ट, तरूण वानखेड़े, कंचन रौतेला, मंजू शाह, मंजू भट्ट, अंजू पांडे, बबीता जोशी, बबीता हलधर, नीता गुप्ता, तरनजीत कौर, रेनू डसीला, रेनू शर्मा, अनिता जोशी, माया तिवारी आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक: आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक: चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फाइनल रिहर्सल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** गणतंत्र दिवस समारोह के विशेष मौके पर सोमवार (आज) को मंडल मुख्यालय नैनीताल में पुलिस द्वारा आयोजित की जाने वाली परेड का पुलिस की ओर से रविवार को फाइनल रिहर्सल कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बता दें जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा परेड स्थल फ्लैट्स मैदान नैनीताल में आयोजित परेड का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर उनके द्वारा परेड का बारीकी से निरीक्षण कर परेड को भव्य तथा दिव्य बनाने तथा कमियों को दुरुस्त करने के महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।इस दौरान एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी दूरसंच. ार रेवाधर मठपाल, एसपी/क्षेत्राधिकारी लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन हरकेश सिंह तथा निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा तथा अन्य अधिकारी, जवान व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वायत्ता में दखल पर फूटा गुस्सा

## उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने नए नियम थोपने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन रविवार को ऑनलाइन माध्यम से किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत द्वारा की गई और संचालन प्रदेश महामंत्री प्रशांत मेहता द्वारा किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत एवं प्रदेश महामंत्री प्रशांत मेहता ने बताया कि बैठक में उत्तराखंड शासन द्वारा विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता के विपरीत लिए जा रहे निर्णयों पर रोष जारी किया गया एवं विश्वविद्यालय में नए-नए नियम थोपने का विषय जोर शोर से उठाया गया। बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने एकमत से शासन द्वारा कर्मचारियों की पदों पर नियुक्तियों, कर्मचारियों की पदोन्नतियों के कई मामलों के प्रकरण शासन पर विचाराधीन होने की बात कही गई है जिसके चलते एक तरफ शासन अखबारों में जल्द नियुक्ति की बात कर रहा है वहीं दूसरी तरफ मामले उन्हीं के स्तर से लंबित हैं। संगठन ने शासन के इस दोगले रवैए से सरकार को भी अंधेरे में रखने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने लगातार मांग की बावजूद उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महासंघ की समीक्षा बैठक आयोजित न करने पर भी भारी रोष जाहिर किया है वहीं रविवार को आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में वक्ताओं ने विस्तृत चर्चा की उपरांत निर्णय लिया गया कि महासंघ द्वारा राज्य के समस्त विश्व. विद्यालय की कुलपतियों को पत्र प्रेषित करते हुए शासन द्वारा विश्व. विद्यालय की स्वायत्ता पर लगातार किए जा रहे प्रहार पर ठोस निर्णय लिए जाने हेतु पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया जिसकी प्रति कुला. धिपति राज्यपाल को भी प्रेषित की जाएगी एवं इसके लिए संगठन द्वारा लगातार मुखर होकर आवाज उठाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी के दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत हरिद्वार स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल परिसर में माह फरवरी में तृतीय अधिवेशन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन के मुख्य संरक्षक हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय से अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष व संगठन के मुख्य संरक्षक राजेंद्र सिंह भंडारी, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से राज्य महासंघ के पूर्व अध्यक्ष कुलद. ीप सिंह, महासंघ के पूर्व महामंत्री डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, तकनीकी विश्वविद्यालय से संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक सुंदरियाल, मुक्त विश्वविद्यालय से संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत सिंह नैनवाल, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से संगठन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र पोखरिया, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से संगठन की उपाध्यक्ष विपिन चंद्र, संयुक्त मंत्री गणेश सिंह बिष्ट, मुक्त विश्वविद्यालय से विमल चौहान, संस्कृत विश्वविद्यालय से चंदन रावत, आयुर्वेद विश्वविद्यालय से संगठन के अध्यक्ष खीमानंद भट्ट, सचिव आशुतोष गैरोला समेत सुनीता चंद तिवारी, सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष देवेंद्र धामी, पंतनगर विश्वविद्यालय से भूपेश चन्द्र कबडवाल शामिल रहे।

## एक नजर

### श्री मां नयना देवी मंदिर में खिचड़ी भोज

**नैनीताल।** श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर में रविवार को विशेष खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में वीकेंड के चलते सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली और पर्यटकों ने भी मां के दर्शन के साथ ही अपराह्न एक बजे से खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह समेत प्रदीप साह, किशन सिंह नेगी, सुरेश चंद्र मेलक. ानी, बसंत जोशी, कमल जोशी, बसंत पांडे, भगवान सिंह, राजेंद्र बृजवासी, जीवन तिवारी तथा स्वाति साह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पौधारोपण अभियान की सराहना

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 559वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 559वें दिन डीडीहाट के राजकीय इंटर कालेज के खेल मैदान में जिला खेल विभाग द्वारा प्रायोजित सद्भावना क्रॉस कंट्री मैराथन में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। साथ ही ब्लाक समन्वयक माध्यमिक किशोर शाह के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पौधारोपण अभियान की सराहना की। इस अवसर पर दिनेश गुरुरानी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में थाना डीडीहाट के कोतवाल संजय जोशी, प्रदीप मिश्रा, राजेंद्र सिंह चुफाल, संजय पंत, प्रमोद डिगारी, नंदन सिंह चुफाल, विक्रम बिष्ट, अशोक खड़ायत, शेखर कफलिया, नवीन कफलिया, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल, बलवंत सिंह रावल, महेश चुफाल सहित छात्र/छात्राएं उपस्थित रही।

### देवी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के ज्योलीकोट ग्राम सभा के तहत रविवार को ग्राम कौसानी स्थित देवी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भजन कीर्तन और भव्य भंडारा आयोजित किया गया। बता दें प्रति वर्ष आयोजित होने वाले आयोजन में आचार्य राजू पांडे ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं ने भजन कीर्तन से माहौल भक्तिपूर्ण बना रहा। देर शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं ने भरपूर सहयोग पर ग्राम प्रधान देवेंद्र नेगी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### 21 एनसीसी कैडेटों ने दी ए सर्टिफिकेट परीक्षा

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में रविवार को 5 यूके नेवल एनसीसी नैनीताल के तत्वाधान में ए सर्टिफिकेट परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें 21बच्चों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और परीक्षा का अवलोकन किया और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई। सुबह 8 बजे से एग्जाम शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की। इससे पूर्व शनिवार को सभी कैडेट्स का प्रैक्टिकल कराया गया और रविवार को इन बच्चों का लिखित एग्जाम कराया गया जिसमें एनसीसी एएनओ गोविंद सिंह बोरा और सागर सिंह व नेवल विंग के स्टाफ पीएस तोमर और रवि कुमार, कुलविंद्र सिंह कन्याल और 5 यूके नेवल एनसीसी के सभी स्टाफ का सहयोग परीक्षा को संपन्न कराने में रहा। परीक्षा का आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा।

# नैनीताल में पर्यटकों का उमड़ा सैलाब, और बढ़ने की सम्भावना

## सरोवर नगरी के सभी छोटे-बड़े होटल, कारोबार अच्छा जा रहा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वीकेंड के चलते नैनीताल में लगातार दूसरे दिन यानी रविवार को पर्यटकों का जबरदस्त सैलाब उमड़ पड़ा जिसके चलते एक बार फिर नगर के छोटे बड़े अधिकांश होटल व गेस्ट हाउस पैक हो गए। बता दें तीन दिन का लंबा वीकेंड नैनीताल के पर्यटन कारोबारियों के लिए काफी राहत बनकर सामने आया है। शुक्रवार शाम को जब नैनीताल में मौसम का पहला हिमपात हुआ तभी से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार देर रात तक जारी रहा। इधर नगर में शुक्रवार हुई बर्फबारी ने सैलानियों की आमद बढ़ाने में सोने पर सुहागा साबित हुआ जिस कारण सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। दिल्ली एनसीआर तथा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के काफी सैलानी नैनीताल में पहुंचे हुए हैं। टैक्सी चालकों ने मौके का फायदा उठाते हुए मनमाना किराया वसूला। इस बीच नगर के आंतरिक पर्यटन स्थल स्नोव्यू समेत हिमालय दर्शन, वाटरफाल, केव गार्डन तथा चिड़ियाघर समेत हनुमानगढ़ी में पूरे दिन बड़ी संख्या में सैलानियों की आवाजाही रही जबकि मालरोड सैलानियों से पटी रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा तो घुड़सवारी के शौकीन टूरिस्ट बारा पत्थर पहुंचे हुए थे। इधर बर्फबारी देखने के लिए बड़ी संखया में सैलानी हिमालय दर्शन पहुंचे हुए थे और सफेद बर्फ देख बेहद खुश हुए। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों का दिन खासी आय अर्जित कर गया। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार लंबा वीकेंड और बर्फबारी के कारण बड़ी संख्या में सैलानी नगर भ्रमण पर पहुंचे हुए हैं। सोमवार (आज) को भी सैलानियों की आमद और बढ़ने की पूरी संभावना है।

**दर्शनीय स्थलों में जाम**

सरोवर नगरी के बारापत्थर, स्नोव्यू, किलबरी व हिमालय दर्शन में बर्फबारी को देखने के लिए नैनीताल पहुंचे पर्यटक अपने वाहनों तथा टैक्सी हायर कर वहां पहुंचे जिसकी वजह से इन दर्शनीय स्थलों को जाने वाले मार्गो में दिनभर जाम लगा रहा।

**बसों में सीट पाने को मारामारी**

नैनीताल में वीकेंड के साथ ही र्बफबारी देखने पहुंचे कई पर्यटक जब शाम को तल्लीताल रोडवेज बस स्टेशन पर पहुंचे तो उन्हें वहां पर सीट पाने के लिए खूब पसीना बहाना पड़ा। नैनीताल में दोपहर के बाद रोडवेज स्टेशन का यह हाल रहा कि हल्द्वानी तथा भवाली को जाने वाली परिवहन निगम की कोई भी बस ऐसी नहीं थी जिसमें भरी न गयी हो।

# भीमताल में खुले फायर स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** जिले का भीमताल कुमाऊं द्वार पर स्थित होने के साथ-साथ एक बड़े नैर्सिंग भू भाग एवं पर्यटन क्षेत्र के साथ जुड़ा हुआ है। पिछले दो दशक से क्षेत्रवासी लगातार भीमताल में फायर स्टेशन की माँग के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन मामले में कोई कामयाबी नहीं मिल पायी है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि अगर भीमताल शहर व उसके आसपास के दर्जनों पर्यटन स्थलों पर आग लगने जैसी कोई घटना घटित होती है तो उस पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस इंतजाम नहीं है, आग जैसी घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए स्थानीय प्रशासन को 22 किमी दूर नैनीताल या फिर 30 किमी दूर हल्द्वानी के फायर स्टेशन पर निर्भर हैं। कहा कि ऐसे में जब तक प्रशासन आग पर काबू पाता है तब तक बहुमूल्य संपति खाक हो जाती है। बृजवासी ने बताया कि यहां भीमताल में जिले के विकास भवन सहित कई अन्य संस्थानए होटल, कालेज और आस.पास एक बड़े नैर्सिंग भू भाग से छाए जंगल व कई पर्यटन स्थल है साथ ही दिनों दिन भीमताल नगर की आबादी भी लगातार बढ़ रही है लेकिन फायर स्टेशन आज तक भीमताल में न बन सका है। कहा कि अधिकतर आग को काबू करने के लिए भीमताल को दूसरे शहरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है जबकि भीमताल कुमाऊं का पर्यटन द्वार है। कहा कि पूर्व में स्वयं शासन-प्रशासन से कई बार मांग की जा चुकी है निम्न स्तर से लेकर शासन स्तर तक के शासन-प्रशासन दोनों के प्रतिनिधियों को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है।

# फिर जगी बर्फबारी की आस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** एक और पश्चिमी विक्षोभ पहुंचने जा रहा है जिस कारण नैनीताल समेत उत्तराखंड में एक बार फिर से बर्फबारी की उम्मीद नजर आने लगी है। इसका प्रभाव मंगलवार यानी 27 जनवरी से नजर आएगा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी कर बताया है कि इस विक्षोभ का असर मंगलवार से दिखना शुरू हो जाएगा और बुधवार तक बना रहेगा। इसके प्रभाव को लेकर सतर्क पूर्वानुमान सोमवार को जारी किया जा सकेगा। इधर रविवार को नैनीताल में मौसम का मिजाज सुहावना बना रहा। चटक धूप पूरे दिन रही। हल्के बादलों का आना जाना भी लगा रहा। कुछ देर के लिए कोहरा भी आया जो जल्द ही छट गया। दिन के समय ठंड महसूस नहीं हुई लेकिन शाम को ठंड ने सताना शुरू कर दिया। पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद गर्म ऊनी कपड़ों का बाजार गर्म हो चला है। सैलानी जमकर ऊनी कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया। आद्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

# जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की सच्ची पहचान: पद्मश्री डा. बीकेएस संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत उत्तराखंड द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक भव्य मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

पदयात्रा ग्राफिक इरा हिल यूनिवर्सिटी देहरादून से प्रारंभ होकर एयरफोर्स कैंप एवं महंत इंद्रेश मोथरोवाला मार्केट क्षेत्र तक निकाली गईए जिसमें 800 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म श्री डा. बीकेएस संजय (अध्यक्ष एम्स गुवाहाटी) रहे। विशिष्ट अतिथियों में कुलपति प्रो.



नपिंदर सिंह, डा. अमित भट्ट, डा. अमल शुकला, अवधेश शर्मा, डा. आदित्य हरबोला, लेफ्टिनेंट मोहित सिंह (एनसीसी) तथा मोनिका नांदल उपनिदेशक माय भारत उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को बैज पहनाकर सममानित किया। इसके पश्चात डा. बीकेएस संजय ने युवाओं को मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा के दौरान स्वयंसेवकों ने नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उधम सिंह नगर से आए 37 युवा प्रतिभागियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। पदयात्रा मेरा भारत-मेरा वोट थीम के साथ आयोजित होकर पुन: ग्राफिक इरा परिसर में संपन्न हुई। अंत में राहुल डबराल उपनिदेशक ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रवेश सिंह बजवाल, विजय, सुभाष, सोनिया रावत सहित माय भारत देहरादून की टीम उपस्थित रही।

# आयुक्त, डीएम ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं मंडल वासियों एवं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस 2026 की बधाई दी है। कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर हम अपने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की मूलभूत मूल्यों को अपनाकर हम एक समृद्ध और समरस समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा गणतंत्र दिवस हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों की याद दिलाता है जिन्होंने हमें आजादी दिलाई। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम करें और एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।



जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नैनीताल जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद नैनीताल सांस्कृतिक विरासत व इसकी समृद्ध रही है प्राकृतिक धरोहर और जागरूक नागरिकों की सहभागिता जनपद की सबसे बड़ी शक्ति है इस पावन अवसर पर लो. कतांत्रिक मूल्यों राष्ट्रीय एकता, अखंडता और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हम संकल्प लें।

# बाल विकास परियोजना अधिकारी वर्षा शर्मा को राहत

## तबादले पर हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुड़की (हरिद्वार) की बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) वर्षा शर्मा के तबादले पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ की गई कार्रवाई प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। मामले के अनुसार 5 दिसंबर 2025 को विभाग ने वर्षा शर्मा को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया था, यह नोटिस एक वायरल ऑडियो के आधार पर था जिसमें पोषण योजना में अनियमितता और अवैध वसूली के आरोप लगाए गए थे। याचिकाकर्ता का तर्क है कि उन्होंने 10 दिसंबर 2025 को ही इन सभी आरोपों का विस्तृत जवाब देते हुए इन्हें आधारहीन बताया था। बावजूद इसके विभाग ने जांच पूरी किए बिना उन्हें प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर दिया।

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि वर्षा शर्मा ने अपने वरिष्ठ अधिकारी (कार्यक्रम अधिक. ारी) के खिलाफ कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि इस शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय विभाग ने उन्हें जांच प्रभावित करने के बहाने से रुड़की से हटा दिया। वकील ने दलील दी कि बिना किसी प्रतिकूल रिपोर्ट या लंबित विभागीय जांच के यह तबादला आदेश मनमाना है। अदालत ने याचिकाकर्ता के तर्कों को गंभीरता से लेते हुए 15 जनवरी 2026 के स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन और संचालन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कार्यक्रम अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए सरकार से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई अब 6 सप्ताह बाद होगी।

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता व प्रेम संबंधों के अधिकार सर्वोपरि, प्रेमी जोड़े को सुरक्षा दें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और प्रेम संबंधों के अधिकार को सर्वोपरि मानते हुए एक प्रेमी जोड़े को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकल पीठ ने हरिद्वार जिले के पथरी थाना क्षेत्र के एक मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि यदि दो वयस्क अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते हैं, तो उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या डर के साये में रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। मामले के अनुसार काजल और उनके साथी ने न्यायालय में याचिका दायर कर बताया था कि वे दोनों एक ही धर्म के हैं और आपसी सहमति से प्रेम संबंध में हैं, वे जल्द ही विवाह करना चाहते हैं लेकिन लड़की के परिवार वाले इस रिश्ते के सखत खिलाफ हैं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि उनके परिजनों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और उनके जीवन व स्वतंत्रता में अवैध हस्तक्षेप किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित हुए। अदालत ने उनकी पहचान की पुष्टि करने और उनसे बातचीत करने के बाद पाया कि दोनों बालिग हैं और बिना किसी दबाव या जबरदस्ती के अपनी स्वेच्छा से साथ रहने का निर्णय ले चुके हैं। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध लता सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि इन परिस्थितियों में याचिकाकर्ताओं को उनके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा पाने का पूरा संवैधानिक अधिकार है। अदालत ने थानाध्यक्ष पथरी (जिला हरिद्वार) को आदेश दिया है कि वे तत्काल याचिकाकर्ताओं को आवश्यकतानुसार उचित सुरक्षा मुहैया कराएं साथ ही पुलिस को निर्देश दिया गया है कि विरोध कर रहे परिजनों को थाने बुलाकर कानून के दायरे में रहने की सख्त हिदायत दी जाए ताकि वे जोड़े के जीवन में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न कर सकें।

## अजय भट्ट ने भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान पर व्यक्त की प्रसन्नता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर खुशी और गर्व का इज़हार किया है। अजय भट्ट ने कहा भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान प्राप्त होने की घोषणा समस्त उत्तराखंडवासियों के लिए गर्व और खुशी का पल है। यह सम्मान उनके समर्पित सार्वजनिक जीवन, राष्ट्रसेवा और समाजहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उचित मूल्यांकन है। उन्होंने आगे कहा कि श्री कोश्यारी का पूरा सार्वजनिक जीवन सादगी, सिद्धांतनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के उच्च मानकों का उदाहरण रहा है।

# याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कुमाऊं मंडल के ऊधम सिंह नगर जिले के आईटीआई थाने में दर्ज एक गंभीर आपराधिक मामले में सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकल पीठ ने दुष्कर्म और पाकसो जैसी गंभीर धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपियों की गिरफ्तारी पर फिलहाल अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को जांच में पूर्ण सहयोग करना होगा। मामला ऊधम सिंह नगर के आईटीआई थाना क्षेत्र का है जहाँ 11 जनवरी 2026 (रविवार) को विकास यादव व अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस शिकायत में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं जिसमें दुष्कर्म (धारा 64) और लज्जा भंग (धारा 74) शामिल हैं के साथ पाकसो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत आरोप लगाए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने इस एफआईआर को रद्द करने और अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं को मामले में झूठा फंसाया गया है। कोर्ट को बताया गया कि वास्तव में दूसरे पक्ष (शिकायतकर्ता पक्ष) ने ही याचिकाकर्ताओं के साथ मारपीट की थी। वकील का दावा है कि अपनी गलती छिपाने और याचिकाकर्ताओं पर दबाव बनाने के उद्देश्य से दुर्भावनापूर्ण तरीके से यह झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसका कोई कानूनी या तथ्यात्मक आधार नहीं है। न्यायमूर्ति आलोक महरा ने मामले की गंभीरता और दोनों पक्षों के तर्कों को देखते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है और सरकार से जवाब मांगा है। अंतरिम राहत के तौर पर कोर्ट ने निर्देश दिया कि जांच के दौरान याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार न किया जाए बशर्ते वे पुलिस जांच में सहयोग करें। इस मामले में अगली सुनवाई अब 6 सप्ताह बाद होगी।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों ने खेला वॉलीबॉल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद उत्तराखंड, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवीन वर्मा, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद, उत्तराखंड ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों को बढ़ावा देने की अपील की। साथ ही, जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और बिना किसी प्रलोभन के




निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें नैनीताल टाइगर्स टीम विजेता रही, जबकि अल्मोड़ा वारियर्स टीम उपविजेता बनी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और अन्य गणमान्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन वर्मा, उपाध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद, उत्तराखंड, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद जायसवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम, सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य, अनुज और विष्णु सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़े बदलाव को रेखांकित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कानूनी प्रक्रिया में एक बड़े बदलाव को रेखांि. कत करते हुए स्पष्ट किया है कि 1 जुलाई 2024 के बाद शुरू हुई सभी आपरा. धिक कार्यवाहियों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) का पालन अनिवार्य है। न्यायमूर्ति आलोक महरा की पीठ ने देहरादून की एक निचली अदालत में चल रही शिकायतों और सम्मन आदेशों पर अंतरिम रोक लगा दी है क्योंकि वहां पुराने कानून (सीआरपीसी) के तहत कार्यवाही की जा रही थी। बता दें यह मामला भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) अधिनियम 2016 की धारा 17(1)(ए) और 29(3) के उल्लंघन से जुड़ा है जिसमें देहरादून की कंपनी इंस्टकार्ट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देहरादून की अदालत में बयूरो की ओर से शिकायत दर्ज की गई थी। मजिस्ट्रेट ने 13 जून 2025 को मामले का संज्ञान लिया और आरोपियों के खिलाफ सम्मन और बाद में गैर जमानती वारंट जारी किए। आवेदकों ने इन आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया कानूनी रूप से दोषपूर्ण है। याची के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि चूँकि यह मामला 1 जुलाई 2024 के बाद का है इसलिए इस पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लागू होनी चाहिए थी। उन्होंने तर्क दिया कि बीएनएसएस की धारा 223(1) के तहत मजिस्ट्रेट को संज्ञान लेने से पहले आरोपी को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है लेकिन निचली अदालत ने निरस्त हो चुके दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (सीआरपीसी) के पुराने प्रावधानों का पालन कियाए जो अब कानूनन मान्य नहीं हैं। न्यायमूर्ति आलोक महरा ने माना कि जब नया कानून लागू हो चुका है तो पुरानी प्रक्रिया अपनाना न्यायोचित नहीं है। कोर्ट ने कहा कि संज्ञान लेने से पहले सुनवाई का अवसर न देना एक गंभीर प्रक्रियात्मक चूक है जिसकी जांच की जानी आवश्यक है।

उत्तराखण्ड शासन

संकल्प से शिखर तक

# गणतंत्र दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएँ



26 जनवरी



"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक (Export Preparedness Index – EPI) 2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त।
- बीते 4 वर्षों में 26,500 से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025 को मिली मंजूरी। प्रदेश में संचालित मदरसों को अब उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से लेनी होगी मान्यता।
- राज्य में 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि हुई अतिक्रमण से मुक्त।
- राज्य के इतिहास में पहली बार 1 लाख करोड़ से अधिक का बजट।
- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹ 3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। इस वर्ष तक ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा जारी States' Startup Ecosystem Ranking (5वां संस्करण) में उत्तराखण्ड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में 'लीडर' के रूप में मिली मान्यता
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू।
- राज्य में सशक्त भू कानून हुआ लागू।
- राज्य में सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में कुल 58 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड किए गए वितरित।
- उद्यम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सैटलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान।
- राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू। सहकारी प्रबंध समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को ₹ 10 लाख से बढ़ाकर किया ₹50 लाख। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि ₹50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पौराणिक मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य जारी।
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- दिल्ली देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा।
- नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स में उत्तराखंड को मिला देश में प्रथम स्थान।
- छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि की हुई शुरुवात।
- खनन सुधारों में उत्तराखण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन, देश में हासिल किया दूसरा स्थान, केंद्र सरकार ने जारी की ₹200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि।
- उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया सफल आयोजन, कुल 103 पदक जीतकर, पदक तालिका में 7वां स्थान किया हासिल।
- राज्य के स्कूलों में बच्चों के पाठ्यचर्या में शामिल होगा श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 मंजूरी

## विकास के नये अध्याय

### की ओर अग्रसर

देवभूमि उत्तराखण्ड



















### प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह

**स्थानीय लोगों से:**

बोली भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:**

सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

@DIPR_UK #ExploreUttarakhand

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 26 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संविधान हमारी आत्मा

भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि संविधान महज एक वकील का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा युग की भावना है। इस संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 77वां गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसका मुख्य आकर्षण वे झांकियां हैं जो भारत की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, देश की प्रगति और उपलब्धियों के आइने और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना व एयर शो भी दिखाती हैं। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल और बीटिंग द रिट्रीट समारोह पहले से ही सभी भारतीय राज्यों की राजधानियों में पूरे जोरों पर किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष इसकी तारीख, इतिहास, महत्व और थीम क्या है? भारत प्रतिवर्ष 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाता है। इस वर्ष यह दिन सोमवार को पड़ रहा है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। भारत को 1947 में ब्रिटिश राज से आजादी मिली, लेकिन 26 जनवरी, 1950 तक भारत का संविधान लागू नहीं हुआ था। संविधान सभा का पहला सत्र 9 दिसंबर, 1946 को और आखिरी सत्र 26 नवंबर, 1949 को हुआ और फिर एक साल बाद संविधान को अपनाया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति का नेतृत्व किया और इस दिन भारत संविधान दिवस भी मनाता है। गणतंत्र दिवस स्वतंत्र भारत की भावना का स्मरण कराता है क्योंकि इसी दिन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक शासन से पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। गणतंत्र दिवस भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार चुनने की शक्ति का भी स्मरण कराता है, इसलिए देश इसे भारतीय संविधान की स्थापना के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है। देश में गणतंत्र दिवस समारोह काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसके अतिरिक्त भारत के राष्ट्रपति देश के योग्य नागरिकों को पद्म पुरस्कार वितरित करते हैं। साथ ही बहादुर सैनिकों को परमवीर चक्र, अशोक चक्र और वीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस परेड का लाइव प्रसारण और वेबकास्ट भी हर साल किया जाता है। ताकि लोग आसानी से परेड को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है।

## बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए



गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है, राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है, 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं, 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, खेल-कूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं, महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है, नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी, वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

# आज के बच्चे और युवा ही हैं आने वाले भारत की सबसे बड़ी ताकत



26 जनवरी 2026 को जब हम भारत के गणतंत्र बनने के 76 वर्षों का उत्सव मनाते हैं, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है कि आने वाले भारत की दिशा, दशा और पहचान हमारे बच्चों के हाथों में सुरक्षित है। गणतंत्र दिवस हमें संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, और इन्हीं अधिकारों व कर्तव्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आज के बच्चों पर है। बच्चे केवल कल के नागरिक नहीं हैं, वे आज के सक्रिय सहभागी भी हैं, जिनकी सोच, ऊर्जा और कल्पनाशीलता भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

भारत एक युवा देश है, जहां जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बच्चों और युवाओं का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यदि इन बच्चों को सही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों का आधार मिले, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध होगा। गणतंत्र दिवस का अर्थ केवल परेड देखना या तिरंगा फहराना नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेना है कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा भारत बनाएं, जहां उन्हें समान अवसर, सम्मान और स्वतंत्रता मिले। बच्चों का विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, किसान, कलाकार, सैनिक और नेता बनेगा। यदि बचपन में ही उनमें देशप्रेम, संविधान के प्रति सम्मान और सामाजिक न्याय की समझ विकसित की जाए, तो वे एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखेंगे। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत का संविधान हर बच्चे को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार देता है, और समाज का दायित्व है कि इन अधिकारों को व्यवहार में उतारे। शिक्षा इस पूरे विचार की धुरी है। गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा बच्चों को न केवल रोजगार योग्य बनाती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। ग्रामीण और शहरी, अमीर और गरीब, लड़का और लड़कीकृहर बच्चे को समान शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सो. चने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है। स्वास्थ्य और पोषण बच्चों के भविष्य का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। कुपोषण, बाल रोग और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं बच्चों की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती हैं। एक सशक्त भारत के लिए यह आवश्यक है कि हर बच्चे को पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। जब हम गणतंत्र दिवस पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आत्मनिर्भरता की शुरुआत स्वस्थ बच्चों से ही होती है।

**डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सोचने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है।**

बच्चों के अधिकारों की रक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय है। बाल श्रम, बाल विवाह, शोषण और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी समाज में मौजूद हैं। एक सच्चे गणतंत्र में बच्चों के लिए भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। कानून तभी सार्थक होते हैं जब वे जमीन पर लागू हों और समाज उन्हें स्वीकार करे। बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना, उनकी भावनाओं को समझना और उनके सपनों का सम्मान करना एक जिम्मेदार समाज की पहचान है। संस्कृति और नैतिक मूल्य बच्चों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत की विविध संस्कृति, भाषाएं, परंपराएं और इतिहास बच्चों को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। गणतंत्र दिवस उन्हें यह सिखाने का अवसर है कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब बच्चे अपने देश की विरासत पर गर्व करना सीखते हैं और साथ ही आधुनिक विचारों को अपनाते हैं, तब एक संतुलित और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है। आज का बच्चा वैश्विक नागरिक भी है। दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विज्ञान, खेल, कला और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय बच्चों की उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि यदि उन्हें अवसर मिले, तो वे किसी से कम नहीं हैं। गणतंत्र दिवस पर यह गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है कि हम अपने बच्चों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करें, लेकिन अपनी जड़ों से जोड़े रखें। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी बच्चों में विकसित करना समय की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी। यदि बच्चे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीना सीखें, तो भारत का भविष्य अधिक सुरक्षित और टिकाऊ होगा। गणतंत्र दिवस केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारियों को समझने का भी दिन है, और इन जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा वाहक आज का बच्चा है। अंततः यह कहा जा सकता है कि बच्चे भारत का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की आशा भी हैं। उनकी मुस्कान में देश का कल छिपा है, उनकी आंखों में नए भारत का सपना बसता है।

गणतंत्र दिवस 2026 पर जब तिरंगा लहराता है और राष्ट्रगान गूंजता है, तब यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को केवल बड़े सपने देखने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए भी सक्षम बनाएंगे।

**सेहत का ख्याल**

# वेट लॉस के लिए अपनाएं इन तरीकों को

**अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है। यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है।**



वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।

**रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर**

वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है। जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है। जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं। हालांकि यह पूरी तरह से एनर्जी के लिए कार्ब्स और लिवर पर निर्भर होते हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है।

यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है। इस दौरान शरीर खुद को एनर्जी देने और चार्ज करने के लिए यह जमा किए फैट का इस्तेमाल करता है। साथ ही यह हार्मोन्स के लिए भी अच्छा होता है। कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए रनिंग फायदेमंद माना जाता है। वहीं एनर्जी के लिए जमा किए हुए कार्ब्स का इस्तेमाल करती है। ऐसे में रनिंग करने से फैट से ज्यादा कार्ब्स बर्न होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊंचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम .श्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

**कसौली का इतिहास और विशेषता**

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहां आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहां की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण**

1. **मंकी पॉइंट**

कसौली का सबसे ऊंचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहां से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के .श्य साफ दिखाई देते हैं। यहां एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

2. **गिल्बर्ट ट्रेल**

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

3. **क्राइस्ट चर्च**

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियां देखने लायक हैं।

4. **सनसेट पॉइंट**

शाम के समय यहां से सूर्यास्त का .श्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

5. **कसौली**

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

**कसौली में करने योग्य गतिविधियां**

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर- साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।

कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।



दिल्ली से मुनस्यारी आराम से और बहुत कम पैसे में पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप हिमाचल रोडवेज बस सर्विस या फिर प्राइवेट बस लेकर पहुंच सकते हैं। दिल्ली में स्थित कश्मीरी गेट बस स्टैंड से कसोल के लिए डायरेक्ट बस चलती रहती हैं। दिल्ली से कसोल का जाने का बस किराया करीब 400-500 रूपए लगते हैं। हालांकि, प्राइवेट बस का किराया 1000-1500 रूपए से अधिक हो सकता है।

दिल्ली से कसोल के लिए डायरेक्ट ट्रेन नहीं चलती है। इसके लिए आपको जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचना होगा। जोगिंदर नगर से बस लेकर आप कसोल पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सबसे पास कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट है। कुल्लू से लोकल बस या टैक्सी लेकर आराम से पहुंच सकते हैं।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां कई होटल और रिसॉर्ट आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप सस्ते में रूम बुक करना चाहते हैं, तो फिर आपको मुख्य शहर से कुछ दूरी पर बुक करना चाहिए।

कसोल में ठहरने के लिए आप यशी कसोल कॉटेज, शांति होटल, ग्रीन पार्क कॉटेज, चलो कसोल गेस्ट हाउस और शिवालय गेस्ट हाउस में रूक बुक कर सकते हैं। इस होटल और कॉटेज में करीब 500 से लेकर 800 रूपए में रूम मिल जाते हैं। इन होटल्स में खाने-पीने और वाई-फाई की भी सुविधा मिल जाती है।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां खाने-पीने जगहों की भरमार है। यहां आप स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े-बड़े रेस्तरां में भी भोजन का स्वाद चख सकते हैं। (उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत वैली) कसोल में आप पारंपरिक भोजन खसखस का हलवा, कढ़ी और सिदू का स्वाद चखना ना भूलें। स्ट्रीट फूड में आप आलू टिक्की, समोसे, कचोरी और छोले भटूरे का स्वाद चख सकते हैं। वैसे जिस होटल में रूम बुक करते हैं, उस होटल में भी खाने-पीने की व्यवस्था हो सकती है।

**(साभार प्रीटी)**



नमामि गंगे

समस्त क्षेत्रवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आइए, इस राष्ट्रीय पर्व पर हम संकल्प लें कि माँ गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

निवेदक:
परियोजना प्रबंधक, ऋषिकेश

समस्त देश व प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बहुउददेशीय किसान सेवा सहकारी समिति लि. मियांवाला
ग्रामीण बचत केंद्र, मियांवाला, देहरादून, उत्तराखण्ड।

श्रीमति पूनम पुरोहित — अध्यक्ष
श्रीमति उमा पांडे — उपाध्यक्ष
श्री किरन भटट — सचिव

संचालक मंडल

श्री जीत सिंह, श्रीमति कुसुमलता, श्रीमति दीक्षा मनवाल, श्रीमति रुकमणी देवी, श्री विकास रावत, श्री देवेंद्र सिंह, श्री उत्तम कुमार बंदूनी, श्रीमति शिवानी कण्डवाल, श्री शुभम चौहान, श्री नन्द लाल (सरकार द्वारा मनोनीत) श्री विमल बिष्ट (सरकार द्वारा मनोनीत)







# नगर पालिका परिषद् पुरोला ( उत्तरकाशी )

पत्रांक:- 455/ विज्ञा. प्रकाशन / न०पा०पु०/2025-26 दिनांक 24 जनवरी 2025

**77 वें गणतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर नगर पालिका परिषद् पुरोला अपने समस्त शहरवासियो प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व आमजनमानस से नगर पालिका परिषद् पुरोला अपेक्षा करती है कि-**

1. संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों एवं अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें।
2. नगर पालिका परिषद् पुरोला क्षेत्र को साफ व स्वच्छ रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।
3. घर से कूड़े को अलग-अलग जैविक/अजैविक कूड़ेदान में नगर पंचायत के पर्यावरण मित्रों को दे।
4. सार्वजनिक स्थलों को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें।
5. समस्त नागरिको से अपेक्षा की जाती है कि कूड़े को सार्वजनिक स्थलो व खुले में न फेंके तथा कूड़े को नगर पालिका के कूड़े वाहन में ही डाले।
6. नगर पालिका के करों एवं शुल्को का समय पर भुगतान करें।
7. नगर क्षेत्र को साफ व स्वच्छ बनाये रखने एवं रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।
8. पॉलीथीन का प्रयोग न करें, निकाय क्षेत्रान्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णत: प्रतिबन्धित है।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करवाये।
10. शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में नगर पालिका का सहयोग करें व स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में निकाय को नम्बर 01 बनाने हेतु अपना अमूल्य फीडबैक अवश्य प्रदान करें।
11. नगर क्षेत्रन्तर्गत खुले में शौच/मूत्र न करें, नगर को खुले में शौच मुक्त ( ओ.डी.एफ. प्लस ) करने में पालिका का सहयोग करें।

( प्रदीप दयाल )
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् पुरोला।

( बिहारी लाल शाह )
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद् पुरोला।







